# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 5 अक्टूबर 2024






**Authorised Distributer : C & F BALAJI ENTERPRISES 9658456856**

**DEALER** | **RAIPUR:** Suraj Electronics 90390 04900, Lavkush Enterprises 9993844338, VandanaElectronics 9826366141,9589555555, Rahul Patra Bhandar 8889999489, Friends Electronics 7771029557, Balaji Electro World 9407926022, Delux Marketing 8120059000, 9981475490, Harshu Enterprises 9009988999, Kanha Electronics and Furniture 8917433139, Manoj Enterprises Tikarapara 9827138677, Nishad TV Urla 9685017462, Shree Amit Sales 9827115640, Sindh Execlusive 9039094900, Zee Electronics 9425506003 I **RAJIM:**Shailesh Electronics 9302416494, Maa Karma Electronics 98265 08703, Himalaya Electronics 9826642526 I **ABHANPUR :** Bhairunath Electronics 9893701415 I **AARANG:** Deeksha Electronics 9977258421 I **MANDIRHASAUD:** Ravindra Electronics 9329467124 I **BHILAI:** Sawlani Traders 9993914000, Parakh Brothers 8319216002 I **DONGARGARH :** Bindal Electronics 7697978787&9697978787, Kesarwani Marketing 9425569228 I **DONGARGAON :** Chamma Electronics 9993399266 I **SARAIPALI :**Shree Electricals & Electronics 9691847410, Bhawani Electricals 9425202829 I **GARIYABAND:** Raza Traders 9981048601 I **PAKHANJORE :** Rajesh Electronics 6266221051 I **BANDE:** Sukendra Radio 9425599637 I **SIMGA :**Arun Electronics 8889866868 I **BALODABAZAR:** Kiran Furnitures & Electronics 9826145234, 9039736400 I **SHEORINARAYAN:** Kesarwani Enterprises 9406085396 I **BANDHABAZAAR :** Thakkar Electronics 7999446799 I **PANDATARAI:** Shivam Mobile 9893424318 I **CHHURIYA :** Arihant Enterprises 9424238072 I **MAHASAMUND:** Kishore Radio 9302713300, Ashirvad Mobile 8959582001, Om Mill and Store Bhandar 9926161616 I **BEMETARA:** J.S. Furniture 9993785719, Saluja Furniture 9685230050, Suresh TV and Enterprises 9981738385, Mohta Furniture & Electronics 9752035466 I **KESHKAL:** Muskan Metal and Gift Corner 9893193992 I **NARAYANPUR:** Sidharth Electronics 7587809000, Raj Furniture 9424286760 I **BHANUPRATAPPUR:** Radio Corner 9424123811, Santoshi Electronics 9425593449 I **BIJAPUR:** Sanjay Trading Company 9425226664, Gupta Furniture Mart 9399260894 I **GANDAI:** Uttam Enterprises 9993250248 I **SUKMA:** Arihant Markating 7587883211, New Maheshwari Electronics 9406468000, Maheshwari Electrical 9406183540 I **KORAR:** Jagdamba Electronics 6260120137 I **DHAMTARI:** National Electronics 9770641677, Shree Electronics 9827113968, Ganpati Electronics & Electricals 9893317310, Chitra Palace 8654806336 I **CHUIKHADAN:** Sony Electronic 8120872391, Dewangan Electronics 9399684041 I **SARIYA:** Munna ELECTRONICS 9752903139 I **JALBANDHA:** Om Electronics 9669056131, Isha Trading 8770048622 I **BHATAPARA:** Prakash Modi & Company 9826119411, Agarwal Sales 9039812354, Manoj Enterprises 8103413475, Verma Sales 8109569000 I **BERLA :** Vandana Electronic 7694069502, Deepak Cycle Store 9425562544 I **AHIWARA:** Mamta TV 7000767957 I **PATAN:** Shubham Enterprises 9977559869 I **RANITARAI:** Anil Enterprise9993241891, 7999076186, Neha Electronics 9752024691 I **RAJNANDGAON:** Bagadi Enterprises 9165666766, Lalani Platinum Radio Stores 9329107074




## 90 सीटों पर ताल ठोक रहे हैं कुल 1031 उम्मीदवार

# सैनी-हुड्डा, विनेश-जिंदल से लेकर चौटाला परिवार की सीटों पर रहेगी सबकी नजर

*हरियाणा में विधानसभा का चुनावी शोर थम चुका है। प्रदेश की 90 सीटों के लिए शनिवार को मतदान है। यहां कुल 1031 उम्मीदवार चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं। हरियाणा के 22 जिलों के 90 विधानसभा क्षेत्रों के 2.03 करोड़ मतदाता मतदान करने के लिए पात्र हैं। इस चुनाव में कई दिग्गजों की सियासी किस्मत भी दांव पर होगी। इसमें राज्य के मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, इनेलो के वरिष्ठ नेता अभय सिंह चौटाला और पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जैसे बड़े चेहरे भी शामिल हैं। इस चुनाव में इन दिग्गजों की सीटों पर सभी की नजरें होंगी। आइये जानते हैं इनकी सीटों का हाल...*

### नायब सैनी



इस विधानसभा चुनाव में हरियाणा की चर्चित सीटों में कुरुक्षेत्र जिले की लाडवा है। यहां से मुख्यमंत्री नायब सैनी चुनाव मैदान में उतरे हैं। उनके सामने कांग्रेस ने मौजूदा विधायक मेवा सिंह को उतारा है। इसके अलावा आम आदमी पार्टी से जोगा सिंह उमरी, जननायक जनता पार्टी से विनोद कुमार शर्मा और इंडियन नेशनल लोकदल से सपना बड़शामी उतरे हैं। 2019 में विधानसभा चुनाव में लाडवा में कांग्रेस के मेवा सिंह को जीत मिली थी। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार पवन सैनी को 12637 मत से शिकस्त दी थी। कार्यवाहक मुख्यमंत्री सैनी अभी करनाल विधानसभा सीट से विधायक हैं।

### भूपेंद्र सिंह हुड्डा



प्रदेश की सबसे हॉट सीट में से एक गढ़ी-सांपला-किलोई है। यह विधानसभा रोहतक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में आती है। यहां से कांग्रेस की ओर से पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा चुनाव मैदान में हैं। उनके सामने भाजपा ने जिला परिषद अध्यक्ष मंजू हुड्डा को उतारा है। भूपेंद्र हुड्डा यहां से पांच बार जीत दर्ज कर चुके हैं।

### अनिल विज



खास सीटों में अंबाला कैंट विधानसभा सीट भी शामिल है। यहां से हरियाणा के दिग्गज नेता पूर्व गृह मंत्री अनिल विज चुनाव मैदान में हैं। यहां त्रिकोणीय मुकाबला है। एक तरफ छह बार के विधायक अनिल विज हैं तो दूसरी ओर कांग्रेस से पूर्व पार्षद परविंद्र सिंह परी मैदान में हैं। इसके साथ कांग्रेस से बगावत कर निर्दलीय नामांकन भरने वाली चित्रा सरवारा भी मैदान में है। 2019 के चुनाव में अनिल विज भाजपा के टिकट पर उतरे थे। विज ने निर्दलीय उम्मीदवार चित्रा सरवारा को 20,165 मतों से हराया था। चित्रा पिछली बार भी कांग्रेस से बगावत करके मैदान में उतरी थीं।

### विनेश फोगाट



जुलाना में कांग्रेस उम्मीदवार पहलवान विनेश फोगाट हैं। विनेश के सामने भाजपा ने कैप्टन योगेश बैरागी तो आप ने डब्ल्यूडब्ल्यूई पहलवान कविता दलाल को उतारा है। लोग उन्हें 'लेडी खली' के नाम से भी जानते हैं। जुलाना विधानसभा सीट पर पिछले चुनाव में जननायक जनता पार्टी के अमरजीत ढांडा को जीत मिली थी। उन्होंने भाजपा के परमिंदर सिंह ढुल को 24193 मत से हराया था।

### अभय सिंह चौटाला



देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री देवी लाल के पोते अभय सिंह चौटाला ऐलनाबाद सीट से एक बार फिर ताल ठोक रहे हैं।यह विधासभा क्षेत्र सिरसा जिले में पड़ता है। इंडियन नेशनल लोक दल के चौटाला के सामने भाजपा से अमीर चंद तलवारा और कांग्रेस से भरत सिंह बेनीवाल हैं। यहां के पुराने समीकरण देखें तो ज्यादातर मुकाबले इंडियन नेशनल लोकदल के पक्ष में रहे हैं। 2019 में भी अभय यहां से जीते थे। इनेलो विधायक अभय ने जनवरी 2021 में कृषि कानूनों के खिलाफ इस्तीफा दे दिया था। उपचुनाव के बाद नवंबर 2021 में आए नतीजे में वे दोबारा विधायक चुने गए।

### दुष्यंत चौटाला



पिछले चुनाव में किंगमेकर बने दुष्यंत चौटाला जींद जिले की उचाना कलां सीट से चुनाव मैदान में हैं। 2019 में यहां से दुष्यंत ने भाजपा प्रत्याशी प्रेम लता को 47452 मतों से हराया था। इस चुनाव में दुष्यंत के सामने कांग्रेस से पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह, भाजपा से देवेंद्र चतर्भुज अत्री, आम आदमी पार्टी से पवन फौजी और इंडियन नेशनल लोक दल से विनोद पाल सिंह दुलगांच हैं।

### सावित्री जिंदल



हिसार जिंदल परिवार के प्रभाव वाली हाई प्रोफाइल सीट है। इस सीट पर देश की सबसे अमीर महिला सावित्री जिंदल चुनाव लड़ रही हैं। 1991 से 2009 तक यहां से जिंदल परिवार 5 बार मैदान में आया और पांचों बार ही जीता। तीन बार ओपी जिंदल खुद जीते तो दो बार सावित्री जिंदल जीतीं। इस चुनाव में सावित्री के सामने दो बार के विधायक डॉ. कमल गुप्ता भाजपा के प्रत्याशी हैं तो 2019 में यहां से हारे रामनिवास राड़ा कांग्रेस का चेहरा हैं। 2019 में गुप्ता ने कांग्रेस के राम निवास राड़ा को 15,832 वोट से हराया था।

### आदित्य सुरजेवाला



कैथल विधानसभा सीट से सुरजेवाला परिवार की तीसरी पीढ़ी मैदान में है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला के बेटे आदित्य कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। भाजपा ने यहां लीलाराम गुर्जर को उतारा है। 2019 में कांग्रेस प्रत्याशी रणदीप भाजपा के लीलाराम गुर्जर से महज 1246 वोटों से हार गए थे।

### गोपाल कांडा



हरियाणा की 90 में से सिरसा ही वह सीट है जहां भाजपा का उम्मीदवार नहीं है। सिरसा में हरियाणा लोक हित के गोपाल कांडा एक बार फिर चुनाव मैदान में हैं। इस सीट पर मुख्य मुकाबला कांडा व कांग्रेस के गोकुल सेतिया में माना जा रहा है। कांडा ने इनेलो व बसपा का समर्थन ले लिया। भाजपा प्रत्याशी ने भी कांडा के समर्थन में अपना नामांकन वापिस ले लिया था। 2019 में हलोपा के कांडा ने सेतिया को कड़े मुकाबले में 602 मतों से हराया था।

### रणजीत चौटाला



सिरसा की रानिया सीट पर देवीलाल के बेटे रणजीत चौटाला निर्दलीय चुनाव मैदान में हैं। इनेलो ने देवीलाल के पड़पोते और पार्टी के वरिष्ठ नेता अभय चौटाला के बेटे अर्जुन चौटाला को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट पर भाजपा ने शीशपाल कंबोज, कांग्रेस ने सर्व मित्र कंबोज और आप ने हैप्पी रानियां को टिकट दिया है। 2019 में यहां से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर रणजीत चौटाला को जीत मिली थी।







हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी





घंटों चली मुठभेड़

*नारायणपुर-दंतेवाड़ा बार्डर के माड़ इलाके में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 30 नक्सली को मार गिराया। मौके से नक्सलियों के शव के अलावा एके 47, इंसास रायफल समेत कई हथियार व विस्फोटक बरामद किया गया है।*

- नारायणपुर-दंतेवाड़ा बार्डर में मुठभेड़
- मारे गए नक्सलियों के शव बरामद
- अत्याधुनिक हथियार मिले

**अबूझमाड़ इलाके में फोर्स ने नक्सलियों को घेरा**

# बस्तर में बड़ा और ऐतिहासिक आपरेशन
# मारे गए 30 नक्सली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/ नारायणपुर

शुक्रवार को यह मुठभेड़ माड़ के नेंदूर-थुलथुली के जंगल में नक्सलियों के साथ हुई, जिसके बाद इलाके में सर्चिंग अभियान तेज कर दिया गया है। सशस्त्र जवानों का माड़ में इसे बड़ा ऑपरेशन और बड़ी कामयाबी मानी जा रही है।

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि 3 अक्टूबर को जिला नारायणपुर व दंतेवाड़ा से डीआरजी व एसटीएफ की संयुक्त पार्टी नारायणपुर के थाना ओरछा व दंतेवाड़ा के थाना बारसूर क्षेत्र से ग्राम गोवेल, नेंदूर, व थुलथुली की ओर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान शुक्रवार दोपहर लगभग एक बजे नेंदूर-थुलथुली के जंगल में पुलिस पार्टी एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। घंटो चली मुठभेड़ के बाद स्थल से सुरक्षाबलों ने 30 नक्सलियों के शव के अलावा एके 47, एसएलआर, इंसास रायफल समेत अन्य हथियार बरामद किए है तथा इलाके में सर्च अभियान जारी है। ▶▶| शेष पेज 4 पर

## एके 47, इंसास समेत कई हथियार व विस्फोटक बरामद

माड़ के नेंदूर-थुलथुली के जंगल में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़, सर्चिंग अभियान जारी



### कई शीर्ष नक्सली मारे गए

आईजी ने बताया कि माड़ इलाके में नक्सलियों के पूर्वी बस्तर डिविजन कमेटी के साथ मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ स्थल से अत्याधुनिक हथियार मिले हैं, जिससे मारे गए मुठभेड़ में कई बड़े नक्सलियों के शामिल होने की संभावना है। रात तक फोर्स के लौटने के बाद मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त हो सकेगी। आईजी ने बताया कि मारे गए ▶▶| शेष पेज 4 पर

## कांकेर में मार गिराए थे 29 नक्सली


नक्सलियों पर फोर्स का सबसे बड़ा अटैक
मार गिराए 29
इनमें टॉप कमांडर भी
हरिभूमि से गृहमंत्री विजय शर्मा की सीधी बातचीत
गृहमंत्री बोले-हम शांति चाहते हैं, चाहे उसके लिए कुछ भी करना पड़े
सुकमा, बीजापुर और कांकेर में 3 माह में 79 नक्सली ढेर





### नक्सलवाद का खात्मा हमारा लक्ष्य

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुठभेड़ पर ट्वीट कर कहा, 14 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। जवानों को मिली यह बड़ी कामयाबी सराहनीय है। उनके हौसले और अदम्य साहस को नमन करता हूं। नक्सलवाद के खात्मे के लिए शुरू हुई हमारी लड़ाई अब अपने अंजाम तक पहुंचकर ही दम लेगी।इसके लिए हमारी डबल इंजन सरकार दृढ़ संकल्पित है। प्रदेश से नक्सलवाद का खात्मा ही हमारा लक्ष्य है।

## *24 घंटे... 30 किमी पैदल चलकर नक्सलियों को दो जिले की फोर्स ने घेरा, हुआ इतिहास का सबसे बड़ा एनकाउंटर*

*नक्सलियों के खिलाफ खुफिया इनपुट मिला। खबर थी कि बड़ी संख्या में माड़ जंगल में नक्सली मौजूद हैं7 इनपुट मिलने के बाद नारायणपुर व दंतेवाड़ा से डीआरजी व एसटीएफ की संयुक्त पार्टी नारायणपुर के थाना ओरछा व दंतेवाड़ा के थाना बारसूर क्षेत्र से ग्राम गोवेल, नेंदूर, व थुलथुली के जंगल की ओर रवाना हुई। लगभग 1 हजार जवानों ने 24 घंटे सफर किया। जंगल नापा, नदी नाले पार किए। 30 किमी की पैदल यात्रा कर माड़ स्थित जंगल में पहुंची जहां मौजूद पूर्वी बस्तर डिवीजन के शीर्ष नक्सलियों की मौजूदगी में मुठभेड़ हुई। दोनों ओर से शुक्रवार दोपहर लगभग 12 बजे से फायरिंग शुरू हुई जो घंटो तक लगातार जारी रही। एसपी नारायणपुर गौरव रॉय ने बताया कि जवानों को मुठभेड़ स्थल तक पहुंचने में 24 घंटे से अधिक का समय लगा इस दौरान संयुक्त सुरक्षाबल के जवान लगभग 30 किमी तक दिन रात नदी, नाला, पहाड़ व* ▶▶| शेष पेज 4 पर

## इधर संवाद, उधर भीषण मुठभेड़

## सीएम साय ने कहा- बस्तर अब शांति की ओर अग्रसर



*बीजापुर। सीएम विष्णु देव साय ने शुक्रवार को बीजापुर प्रवास के दौरान विश्रामगृह में आत्मसमर्पित नक्सली एवं नक्सली हिंसा से पीड़ित युवाओं से संवाद किया। ये युवा छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास नीति के तहत पुलिस विभाग में भर्ती होकर माओवादियों के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। श्री साय ने नक्सल संगठन को छोड़कर पुनर्वास नीति से लाभान्वित होने वाले युवाओं से मिलकर खुशी जाहिर की और कहा कि बस्तर अब शांति की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद महेश कश्यप, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी समेत कई नेता, अफसर मौजूद थे।*

### सीएम हाउस में देर रात तक मंथन

मुख्यमंत्री निवास में शुक्रवार देर रात विशेष बैठक हुई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिलों की सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों और माओवादी आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ को लेकर यह बैठक ली गई। इस उच्चस्तरीय बैठक में पुलिस महानिदेशक और मुख्यमंत्री सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने बैठक में घटनाक्रम की विस्तार से जानकारी ली और माओवादी आतंकियों के विरुद्ध सफल ऑपरेशन पर सुरक्षाबलों के शौर्य तथा अदम्य साहस की सराहना करते हुए बड़ी कामयाबी के लिए उन्हें बधाई दी।

## *अब तक बड़े नक्सली मुठभेड़ में 93 ढेर जिसमें महिलाएं भी*

- 20 मार्च को दंतेवाड़ा में 2 नक्सली मारे गए थे, इनमें एक महिला।
- 3 अप्रैल को बीजापुर के कोरचोली मुठभेड़ में 13 नक्सली मारे गए, इनमें एक महिला।
- बीजापुर जिले के पीड़िया में 12 नक्सलियों को ढेर किया गया था, इनमें 2 महिला।
- 16 अप्रैल को कांकेर की मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए थे। इनमें 15 महिलाएं।
- 30 अप्रैल को नारायणपुर में CG-महाराष्ट्र बॉर्डर पर 10 नक्सली मारे गए, इनमें 3 महिलाएं।
- 14-15 जून को अबूझमाड़ में 8 माओवादी मारे गए, इनमें 4 महिलाएं।
- 19 जुलाई को दंतेवाड़ा में एक महिला नक्सली को ढेर किया।
- 31 अगस्त को नारायणपुर मुठभेड़ में 3 महिला नक्सली मारे गए।
- 3 सितंबर को दंतेवाड़ा में 9 नक्सलियों को मारा गया, इनमें 6 महिलाएं।
- 5 सितंबर को CG-तेलंगाना बॉर्डर पर 6 माओवादियों को ढेर किया गया, इनमें भी 2 महिला।

## खबर संक्षेप

### ट्रक-ट्रेक्टर की भिड़ंत में 10 मजदूरों की मौत, तीन गंभीर

**मिर्जापुर।** यूपी के मिर्जापुर जिले में बृहस्पतिवार देर रात एक ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में 10



मजदूरों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूपी के सीएम आदित्यनाथ योगी ने इस सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत को 'अत्यंत पीड़ादायक' बताया है।

### खेत में दफन हाथी का शव बरामद, 14 पर मामला दर्ज

**बिजनौर।** एक खेत में दफन हाथी का शव बरामद किये जाने के बाद वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के



तहत खेत मालिक समेत 14 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। हाथी के शरीर के अंग क्षत-विक्षत हालत में हैं। यह करीब तीन साल का नर हाथी है। इसके दांत नहीं मिले हैं।

### एलओसी के पास बारूदी सुरंग में धमाका, दो जवान घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पास बारूदी सुरंग में धमाका होने से सेना के दो जवान घायल हो गए।



अधिकारियों ने कहा, ''उत्तरी कश्मीर जिले के त्रेहगाम इलाके में नियंत्रण रेखा के पास गश्त के दौरान तड़के बारूदी सुरंग में धमाका होने से सेना के दो जवान हो गए।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा आस्था से जुड़ा मामला राजनीतिक नाटक न बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में लड्डू विवाद को लेकर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस बी.आर. गवई और के.वी. विश्वनाथन की बेंच ने इस मामले पर सुनवाई की। जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि यह करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा मामला है और वे नहीं चाहते कि यह राजनीतिक नाटक बने। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मामले की स्वतंत्र जांच के लिए 5 सदस्यीय नई विशेष जांच दल का गठन किया है। इससे पहले राज्य सरकार ने भी एसआईटी बनाई थी, जिसे कोर्ट ने खत्म कर दिया। जांच टीम को जल्द ही पूरे मामले की जांच शुरू करने कहा गया है।

**तिरुपति लड्डू विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई**

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम तिरुमाला मंदिर के करोड़ों भक्तों की भावनाओं को देखते हुए यह आदेश पारित कर रहे हैं। हम अदालत को राजनीतिक लड़ाई के अखाड़े में तब्दील होने की इजाजत नहीं दे सकते।

### नई एसआईटी में कौन-कौन रहेंगे शामिल

नई एसआईटी में केंद्रीय जांच ब्यूरो और आंध्र प्रदेश पुलिस के 2-2 अधिकारी होंगे। इसके अलावा टीम में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण का भी एक अधिकारी होगा। कोर्ट ने ये आदेश देते हुए कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जांच टीम का मुख्य उद्देश्य यह होगा कि तिरुपति लड्डूओं में घी की मिलावट के आरोपों की सत्यता की पुष्टि की जा सके।

### इस मामले को गंभीरता से लेना जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह मामला करोड़ों लोगों की भावनाओं से जुड़ा है और इसे गंभीरता से लेना जरूरी है। अदालत ने इस बात पर भी जोर दिया कि यह जांच निष्पक्ष होनी चाहिए और किसी भी राजनीतिक दबाव से मुक्त होनी चाहिए। अदालत ने यह भी साफ किया कि अभी तक उन्होंने आरोपों और प्रत्यारोपों की पुष्टि नहीं की है। एसआईटी की जांच रिपोर्ट के बाद ही इस मामले में आगे की कार्रवाई तय होगी।

### कोर्ट ने राजनीतिक आरोपों को किया दरकिनार

सुनवाई के दौरान जस्टिस बी.आर. गवई और के.वी. विश्वनाथन की बेंच ने साफ तौर पर कहा कि कोर्ट इस मामले में किसी राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप को कोई अहमियत नहीं देगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह मामला जनता की आस्था से जुड़ा है और इसे राजनीतिक रंग नहीं दी जानी चाहिए। जस्टिस गवई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट किसी भी पक्ष को इस मामले को सियासी रंग देने की इजाजत नहीं देगा।

## सेना के जवान आज और कल दिखाएंगे जांबाजी ...



**रायपुर।** साइंस कॉलेज मैदान में शनिवार और रविवार को सेना के जवान साहसी करतबों के साथ प्रदर्शन करेंगे। उससे पहले शुक्रवार को भी मैदान में पूर्वाभ्यास किया गया।

**90 विधानसभा सीटों के लिए हो रहा चुनाव**

## हरियाणा में वोटिंग आज दिग्गजों की साख दांव पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हरियाणा में आज शनिवार को सभी 90 विधानसभा सीटों पर मतदान कराया जाएगा। कई विधानसभाओं के साथ ही 8 अक्टूबर को हरियाणा के नतीजे घोषित किए जाएंगे। हरियाणा के चुनाव में कई दिग्गजों की साख दांव पर लगी है। हरियाणा में बीजेपी हैट्रिक बनाने के लिए चुनाव मैदान में उतरी है तो दो चुनाव से सत्ता से दूर कांग्रेस को वापसी की उम्मीद है। वहीं, चुनाव में कुछ क्षेत्रीय पार्टियां ▶▶| शेष पेज 4 पर



### इन नेताओं की साख दांव पर

मुख्य चेहरों में सीएम नायब सिंह सैनी (लाडवा), भूपेंद्र सिंह हुड्डा (गढ़ी सांपला-किलोई), अभय सिंह चौटाला (एलनाबाद), दुष्यंत चौटाला (उचाना), अनिल विज (अंबाला कैंट), ओपी धनखड़ (बादला), अनुराग ढंढा (कलायात) और विनेश फोगाट (जुलाना) हैं. 2019 के चुनाव में बीजेपी 40 सीटें जीती थीं जबकि कांग्रेस दूसरे स्थान पर रही थी और उसे 31 सीटें मिली थीं।

**हीरे मोती से सुज्जित मां दुर्गा प्रतिमा बनीं आकर्षण का केन्द्र**

## नैला में थाईलैण्ड के अरुण देव मंदिर की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर के नैला में इस बार थाईलैण्ड के अरुण मंदिर की झलक दिख रही है। यहां 150 फीट ऊंचाई और 160 फीट चौड़ाई का पंडाल बनाया गया है, जिसमें पांच शेरों पर सवार मां दुर्गा की 35 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। माता की प्रतिमा हीरे मोती से सुज्जित है। खास बात यह है कि बीते चार दशकों से यहां दुर्गोत्सव की ऐसी परंपरा चल रही है, जिसमें हर बार कुछ न कुछ नया होता है, जिससे यहां की पहचान राज्य से ऊपर देशभर में बन चुकी है। जांजगीर-नैला में श्री श्री दुर्गोत्सव सेवा समिति द्वारा बीते चार ▶▶| शेष पेज 4 पर

- **चार दशकों से चली आ रही ऐसी परंपरा, हर बार नई तर्ज पर होता है पंडाल व मूर्ति स्थापना**





### सोने-चांदी व हीरे मोती जड़ित प्रतिमाओं के साथ सज चुका है माहिष्मति महल

नैला में होने वाले दुर्गोत्सव की ख्याति प्रदेश से ऊपर देश स्तर पर बन चुकी है। यहां समिति द्वारा हर बार नई तर्ज पर पंडाल व प्रतिमाएं स्थापित की जाती है। विशेष करके बीते 11 सालों में यहां सोने, चांदी के सिक्के के अलावा हीरे-मोती जड़ित मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जा चुकी है तो वहीं माहिष्मति महल, सूरत के अन्नपूर्णा मंदिर और राम मंदिर अयोध्या की तर्ज पर भी पंडाल सजाए जा चुके हैं। इसके पूर्व यहां बाहुबली फिल्म के माहिष्मति महल, सूरत के अन्नपूर्णा मंदिर, अयोध्या राम मंदिर के अलावा ▶▶| शेष पेज 4 पर

### डेढ़ माह में तैयार हुआ पंडाल

श्री श्री दुर्गोत्सव सेवा समिति नैला के अध्यक्ष राजेश पालीवाल बताते हैं कि समिति द्वारा हर वर्ष कुछ नया करने की योजना बनाई जाती है। इस बार थाईलैण्ड के विश्व प्रसिद्ध अरुण देव मंदिर की तर्ज पर पंडाल बनाया गया है। इसे बंगाल के 40 कारीगरों ने मिलकर बनाया है। बनाने में डेढ़ माह का समय लगा है। माता की 35 फीट ऊंची प्रतिमा भटगांव के मूर्तिकार द्वारा तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि इसमें छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े फ्लावर डेकोरेटर द्वारा पंडाल के भीतर सुंदर फ्लावर वैली (फूलो की घाटी) और भारत प्रसिद्ध थर्माकोल कलाकार द्वारा आकर्षक सजावट की गई है।

चिंतन

# जयशंकर का पाक दौरा एससीओ बैठक के लिए

विदेश मंत्री एस. जयशंकर की पाकिस्तान यात्रा केवल एससीओ बैठक के लिए है। वे 15-16 अक्टूबर को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में शामिल होंगे। 2015 में सुषमा स्वराज के बाद किसी भारतीय नेता का यह पहला दौरा होगा। इस यात्रा को लेकर भारत का रुख साफ है कि इस दौरान भारत की पाकिस्तान के साथ कोई बात नहीं होगी। पिछले नौ वर्ष से भारत व पाक के बीच वार्ता पर बर्फ जमी हुई है। भारत एससीओ के चार्टर के नियमों से बंधा हुआ है, इसलिए इसकी बैठक जहां होगी, वहां भारतीय प्रतिनिधि भाग लेंगे। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि जयशंकर के इस दौरे का पाकिस्तान के साथ कोई वास्ता नहीं है, पाकिस्तान से वार्ता के लिए भारत अपने पूर्व के रुख पर कायम है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद का खात्मा नहीं करता, तब तक भारत वार्ता शुरू नहीं करेगा। भारत वार्ता भी आतंकवाद व पीओके पर करेगा, कश्मीर पर नहीं। जयशंकर की यह यात्रा पाकिस्तान से रिश्ते सुधारने के लिए नहीं है। दरअसल, भारत से रिश्ते सुधारने का दायित्व पाकिस्तान पर है, वह शर्त का पालन करे तो नई दिल्ली के साथ संबंध मधुर हो सकता है। हाल ही में विधानसभा चुनाव के दरम्यान कश्मीर दौरे के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि अगर पाकिस्तान से रिश्ते बेहतर होते तो भारत पाक की मदद करता। पाकिस्तान की मेजबानी में राजधानी इस्लामाबाद में एससीओ की बैठक हो रही है। चीनी प्रभुत्व वाले एससीओं में चीन, रूस, भारत, ईरान, कज़ाखस्तान, किर्गिज़स्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान व उज़्बेकिस्तान सदस्य हैं। पाकिस्तान ने 29 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एससीओ बैठक के लिए न्योता दिया था। न्योता आने के बाद 30 अगस्त को जयशंकर ने दोनों देशों के रिश्ते पर बयान दिया था, जिसमें कहा कि पाकिस्तान से बातचीत का दौर खत्म हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी आखिरी बार साल 2015 में एक सरप्राइज विजिट पर लाहौर पहुंचे थे। तब उन्होंने पाकिस्तान के पीएम नवाज शरीफ से मुलाकात की थी। इसके बाद दिसंबर 2015 में तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज पाकिस्तान दौरे पर गई थीं। पर पाक ने पीएम व विदेश मंत्री की यात्रा की कद्र नहीं की, अगले साल ही 2016 में भारतीय जवानों के वेश मंथ 4 आतंकी उरी में भारतीय सेना के ब्रिगेड हेडक्वार्टर में घुस गए थे। 3 मिनट के अंदर आतंकियों ने 15 से ज्यादा ग्रेनेड कैंप पर फेंके थे। इस हमले में सेना के 19 जवान शहीद हो गए थे। हमले का जवाब देने के लिए 28-29 सितंबर की रात सेना ने पीओके में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक कर दी थी। इस हमले में 38 आतंकी मारे गए थे। इसके बाद से दोनों देशों के रिश्तों में तल्खी बढ़ती गई है। भारत में पाक कलाकारों और फिल्मों का भी बॉयकॉट हुआ। भारतीय क्रिकेट टीम भी आखिरी बार 2008 में मैच खेलने पाकिस्तान गई थी। इस साल 3-4 जुलाई को कजाकिस्तान में हुए एससीओ समिट में भी विदेश मंत्री जयशंकर ने ही भारत का प्रतिनिधित्व किया था। पिछले दो बार से पीएम इस बैठक में भाग नहीं ले रहे हैं, इसके पीछे चीन के साथ सीमा पर तनाव व पाक से खराब रिश्ते वजह मानी जा रही है। मई 2023 में पाक के तत्कालीन विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी जब गोवा में एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए भारत आए थे, तब भी भारत व पाक के बीच कोई बात नहीं हुई थी। बिलावल का यह दौरा 12 सालों में किसी पाकिस्तानी विदेश मंत्री का पहला दौरा था। जय शंकर के इस पाक दौरे का कोई भी कूटनीतिक मतलब नहीं निकाला जाना चाहिए।



कश्मीर

मनोज कुमार अग्रवाल

# नसरल्लाह की मौत पर घाटी में रोष क्यों

लेबनान की राजधानी बेरूत पर एयर स्ट्राइक में हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह के मारे जाने के बाद उनके चचेरे भाई हाशिम सफीद्दीन को हिजबुल्लाह चीफ घोषित किया गया है। नसरल्लाह की मौत का रोष जम्मू कश्मीर में देखने को मिला है। यहां विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी छात्रा ने कहा कि आपने एक हिजबुल्लाह को मारा है, अब हर घर से नसरल्लाह निकलेगा', नसरुल्लाह की मौत पर इजरायल पर आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। हसन नसरल्लाह की मौत के बाद जम्मू-कश्मीर के बडगाम की सड़कों पर लोगों ने जमकर प्रदर्शन किया। लोगों ने नसरल्लाह के पोस्टर के साथ इजरायल के खिलाफ नारे लगाए। ऐसा क्यों?

इजराइल द्वारा लगातार हिजबुल्ला आतंकियों को निशाना बनाते हुए उनके ठिकानों पर एयर स्ट्राइक के दौरान हिजबुल्ला चीफ हसन नसरल्लाह मारा गया। इजरायली डिफेंस फोर्स ने कहा कि अब हसन नसरल्लाह दुनिया में आतंक नहीं फैला पाएगा। वह 32 साल से संगठन का चीफ था, लेकिन क्या हिजबुल्ला चीफ नसरल्लाह के मारे जाने से आतंकवाद दफन हो जाएगा? दरअसल जरूरत नसरल्लाह के खात्मे की नहीं, उस कट्टरपंथी आतंकी मानसिकता के सफाए की है जो नसरल्लाह को जन्म देती है। आपको बता दें कि विश्व के सबसे बड़े सशस्त्र और आतंकी संगठन हिजबुल्लाह का 32 वर्षों तक नेतृत्व करने वाला नसरल्लाह शुक्रवार के हमले में मारा गया है। अब हिजबुल्ला अपने 42 साल के इतिहास में सबसे भारी हमले के बाद अस्तित्व के लिए कठिन चुनौती का सामना कर रहा है।

लेबनान की राजधानी बेरूत पर एयर स्ट्राइक में हिजबुल्ला चीफ हसन नसरल्लाह के मारे जाने के बाद उनके चचेरे भाई हाशिम सफीद्दीन को हिजबुल्ला चीफ घोषित किया गया है, उसके भी मारे जाने की खबर है। नसरल्लाह की मौत का रोष जम्मू कश्मीर में देखने को मिला है। यहां विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी छात्रा ने कहा कि 'आपने एक हिजबुल्ला को मारा है, अब हर घर से नसरल्लाह निकलेगा', नसरुल्लाह की मौत से इजरादल पर आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। हसन नसरल्लाह की मौत के बाद जम्मू-कश्मीर के बडगाम की सड़कों पर लोगों ने जमकर प्रदर्शन किया। लोगों ने नसरल्लाह के पोस्टर के साथ इजराइल के खिलाफ नारे लगाए। कश्मीर में प्रदर्शन कर रही एक छात्रा ने इजरायल पर गुस्सा दिखाते हुए कहा, 'मैं लेबनान के लोगों को हौसला देना चाहूंगी कि वो बिल्कुल भी फिक्र न करें, हम उनके साथ हैं। आपको पता नहीं है कि आपने किसको मारा है। अब हर घर से हिजबुल्ला निकलेगा'। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस एयर स्ट्राइक में नसरल्लाह के अलावा उसकी बेटी जैनब की भी मौत हुई है। इजराइल ने यह हमला तब किया, जब नसरल्लाह और ईरान समर्थित समूह के कई अन्य नेता लेबनान की राजधानी बेरूत में एक बंकर में जमा हुए थे। ये लोग दक्षिण बेरूत के व्यस्त इलाके में जमीन से 60 फीट नीचे इजराइल पर हमले की प्लानिंग कर रहे थे। इस क्षेत्र को तबाह करने के लिए आईडीएफ ने लगभग 80 टन बम का इस्तेमाल किया था। दहियाह के बेरूत उपनगर में हमला इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा संयुक्त राष्ट्र को संबोधित करने के तुरंत बाद हुआ, जिसमें उन्होंने कसम खाई थी कि हिजबुल्ला के खिलाफ इजराइल का अभियान जारी रहेगा। जानकारी के मुताबिक, विस्फोट से कुछ समय पहले ही इससे पहले हुई स्ट्राइक में मारे गए वरिष्ठ कमांडर सहित तीन हिजबुल्ला सदस्यों के अंतिम संस्कार के लिए लोग जमा हुए थे। सूत्रों ने कहा कि उसके शरीर पर कोई सीधा घाव नहीं था और ऐसा लग रहा है कि मौत का कारण तेज धमाके से हुआ ट्रॉमा रहा होगा। उधर, इजराइली सेना ने कहा कि उसने पिछले कुछ घंटों के दौरान लेबनान में हिजबुल्ला के कई ठिकानों पर हमला किया है। सेना का कहना है कि हमलों का उद्देश्य हिजबुल्ला के रॉकेट लॉन्चर और हथियार गोदामों को तबाह करना था। महीनों की योजना और कई



खुफिया सूचनाओं के बाद, इजरायल ने एक अंडरग्राउंड बंकर पर सटीक हमला किया, जहां नसरल्लाह और कई अन्य हिजबुल्ला नेता बैठक कर रहे थे। यह बंकर दक्षिण बेरूत की एक व्यस्त सड़क से 60 फीट नीचे स्थित था। 31 अगस्त 1960 को बेरूत के उत्तरी बुर्ज हम्मूद उपनगर में जन्मे नसरल्लाह का जन्म एक गरीब किसान परिवार में हुआ था। उसके आठ भाई-बहन थे। नसरल्लाह शिया समुदाय से ताल्लुक रखता था। उसके पिता अब्दुल करीम एक छोटी सी सब्जी का दुकान चलाते थे। 1975 में लेबनान में गृह युद्ध छिड़ जाने के बाद वह अमल आंदोलन में शामिल हो गया था।

साल 1992 में नसरल्लाह को हिजबुल्ला का महासचिव बनाया गया था। उसने अब्बास अल-मुसावी की जगह ली थी। मुसावी को भी इजरायल ने ही मार गिराया था। हसन नसरल्लाह को कड़ी सुरक्षा में रखा जाता था। एक इंटरव्यू में नसरल्लाह ने कहा था कि वो बंकर में नहीं रहते, लेकिन वो समय-समय पर अपना ठिकाना बदलते रहते हैं। जो उसका इंटरव्यू लेने जाते थे, उन्हें ये तक पता नहीं होता कि वे कहां पर मौजूद हैं। दशकों से नसरल्लाह अपने भाषणों को खुफिया स्थान से जाकर प्रसारित करता था। वो न सिर्फ लेबनान में बल्कि पश्चिम एशिया के सबसे प्रभावशाली लोगों में से एक था। बताया है कि लेबनान के बेरूत में हवाई हमले में हिजबुल्ला नेता सैय्यद हसन नसरल्लाह के मारे जाने से कुछ घंटे पहले एक ईरानी जासूस ने इजराइली अधिकारियों को उनके ठिकाने के बारे में जानकारी दी थी। हिजबुल्ला चीफ हसन नसरल्लाह की मौत हो गई है। इसकी आंच भारत तक पहुंच गई है।

भारत के जम्मू व कश्मीर के बडगाम इलाके में बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए और उन्होंने हसन नसरल्लाह की मौत की मुखालफत की। विरोध प्रदर्शन में हसन नसरल्लाह की मौत पर आक्रोश व्यक्त करते हुए एक रैली निकाली गई, इसमें औरतें और बच्चे भी शामिल हुए। जम्मू व कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने हसन नसरल्लाह की मौत के दुख में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी का विधानसभा चुनाव अभियान रोक दिया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी लेबनान और गाजा के लोगों के साथ खड़ी है। महबूबा मुफ्ती ने एक्स पर लिखा कि 'मैं गाजा और लेबनान खासकर हसन नसरल्लाह की शहादत के वास्ते कल का अपना चुनावी अभियान रोकती हूं। इस अपार दुःख और प्रतिरोध की घड़ी में हम लेबनान और गाजा के लोगों के साथ खड़े हैं।' सवाल उठता है कि भारत में कश्मीर की सड़कों पर हर घर से निकलेगा नसरल्लाह के नारे लगाने के पीछे कौन लोग हैं? इनकी मानसिकता क्या है? दरअसल नसरल्लाह के समर्थक उसे आतंक का सरगना या सरपरस्त मानने के लिए तैयार नहीं है। अंजुमन-ए-शरी के अध्यक्ष शियान आगा सैयद ने कहा कि हम उनकी मौत पर कितना भी शोक मनाएं, यह हमेशा कम होगा, शांति होनी चाहिए और यही उनका मिशन था। उस पर आतंकवाद में शामिल होने का आरोप लगाया गया था ताकि लोगों को पता न चले कि वह मानवता के लिए क्या कर रहा है और वह क्या चाहता है। वह फिलिस्तीन के लोगों के लिए फिलिस्तीन को आजाद कराना चाहता था। मैं पूरी मानव जाति से और इस्लामिक देशों के लोगों से यह कहना चाहता हूं कि उनकी शहादत को ऐसे ही नहीं जाने देना चाहिए। उनकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकता लेकिन इतना तय है कि उनके खून से हजारों नसरल्लाह पैदा होंगे और इस मिशन को आगे बढ़ाएंगे और सफलता हासिल करेंगे। उधर हमास के आतंकी भी नसरल्लाह की मौत का बदला लेने की बात कह रहे हैं। लेकिन इतना तय है कि इजराइल के कंधे पर अमेरिका का हाथ है और अमेरिका इजराइल के कंधे पर बंदूक रख कर हिजबुल्ला का सफाया करने में मददगार बना है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

आर्थिकी

सतीश सिंह




# फेडरल रिजर्व के फैसले का वैश्विक प्रभाव

अमेरिका के फेडरल रिजर्व को दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों का अगुआ माना जाता है, जिसका सबसे बड़ा कारण अमेरिकी डॉलर का दुनिया के सबसे मजबूत करेंसियों में से एक होना और सामरिक और आर्थिक दृष्टिकोण से अमेरिका का दुनिया का सबसे मजबूत देश होना है। अमूमन, फेडरल रिजर्व के नक्शे-कदम पर दुनियाभर के केंद्रीय बैंक चलते हैं। हालांकि,सभी देशों की आर्थिक स्थिति अलग-अलग होने के कारण कभी-कभी कुछ देश के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व से इतर निर्णय लेते हैं। कुछ अपवादों को छोड़ दिया जाये तो भारत भी फेडरल रिजर्व द्वारा लिए गए निर्णयों के अनुरूप कदम उठाता है। विगत 4 वर्षों में पहली बार फेडरल रिजर्व ने 18 सितंबर को नीतिगत दरों में 50 आधार अंकों की कटौती की है, जिसके बाद दुनिया के दूसरे देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा भी नीतिगत दरों में कटौती करने की संभावना बढ़ गई है। वैसे, इसे अमेरिका में संभावित आर्थिक मंदी को लेकर फेडरल रिजर्व की बढ़ती आशंकाओं के रूप में भी देखा जा रहा है, क्योंकि अभी अमेरिका में विकास की गति धीमी है, जिसमें तेजी लाने के लिए ऐसा करना जरूरी है। फेडरल रिजर्व के ताजा निर्णय के बाद विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार में ज्यादा निवेश किया है। 24 सितंबर को सेंसेक्स और निफ्टी अपने शीर्ष स्तर को छूने में कामयाब रहा। दरअसल, डॉलर के कमजोर पड़ने, उधारी दर में कमी आने, निवेश व कारोबारों में तेजी आने आदि की संभावना बढ़ी है, जिसकी पुष्टि निवेश में तेजी से हो रही है। सवाल का यहां उठना लाजिमी है कि क्या फेडरल रिजर्व की तर्ज पर आगामी मौद्रिक समीक्षाओं में भारतीय रिजर्व बैंक रेपो दर में कटौती करेगा, क्योंकि महंगाई और विकास के बीच के तालमेल को बनाये रखने के लिए फरवरी 2023 के बाद से रिजर्व बैंक ने रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया है और यह 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है। इसलिए, रिजर्व बैंक को रेपो दर में कटौती करने से पहले मौजूदा आर्थिक स्थिति, जीडीपी वृद्धि दर, महंगाई की स्थिति, आर्थिक गतिविधियों की गति आदि बिंदुओं पर गहन विमर्श करना होगा। भारत में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े निरंतर बेहतर हो रहे हैं। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कैलेंडर वर्ष 2024 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 6.8 प्रतिशत और 6.1 प्रतिशत थी। हालांकि, मूडीज ने 2025 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा है, जबकि 2026 के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान 6.6 प्रतिशत जताया है। भले ही, मूडीज़ ने कैलेंडर वर्ष 2024 की तुलना में कैलेंडर वर्ष 2025 और 2026 में जीडीपी वृद्धि दर अनुमान कम जताया है, लेकिन ये आंकड़े विश्व के कई विकसित देशों से बेहतर हैं। खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई और अगस्त महीने में 4 प्रतिशत से नीचे रही है और बारिश के खत्म होने के बाद खाद्य पदार्थों की कीमत में कमी आने का अनुमान है, जिससे आगामी महीनों में खुदरा मुद्रास्फीति में और भी कमी आने के कयास लगाये जा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार भी वित्त वर्ष 2025 में मुद्रास्फीति घटकर 4.5 प्रतिशत रह सकती है। एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई सितंबर 2024 में घटकर 56.7 रह गया, जो अगस्त महीने में 57.5 रहा था। सेवा पीएमआई भी सितंबर महीने में घटकर 58.9 प्रतिशत रह गया, जो अगस्त महीने में 60.9 रहा था। बेशक, विनिर्माण और सेवा पीएमआई में अगस्त महीने के मुक़ाबले सितंबर महीने में आंशिक गिरावट दर्ज की गई है। फिर भी, यह 50 से ऊपर है, जो दर्शाता है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में तेजी का रुख बना हुआ है। रेपो दर फरवरी 2023 से 6.5 प्रतिशत के स्तर पर कायम है। दिसंबर 2023 की तुलना में ऋण उठाव में 5.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और 9 अगस्त 2024 को समाप्त पखवाड़े के लिए क्रमिक रूप से 0.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। निरपेक्ष रूप से, पिछले 8 महीनों में, ऋण उठाव 9.2 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 9 अगस्त 2024 तक 168.8 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। अगर रेपो दर में कटौती की जाती है तो उधारी के उठाव एवं विकास में और भी तेजी आएगी। फिलवक्त जीडीपी में वृद्धि हो रही है और महंगाई भी काबू में है। साथ में, वित्त वर्ष 2025 और 2026 में भी खुदरा मुद्रास्फीति के भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के आसार हैं। पुनश्चः डॉलर के कमजोर रहने और निवेश व ऋण उठाव में तेजी आने से आर्थिक गतिविधियों में तेजी आ रही है, जिसे और भी बढ़ाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक अगली मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में कम से कम 25 आधार अंकों की कटौती कर सकता है।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख




संकलित

दर्शन

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है।

## मृत्यु के बाद के साथी



संकलित

प्रेरणा

एक व्यक्ति के तीन घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने जीवन भर उसका साथ निभाया। जब वह मरने की अवस्था के निकट पहुँचा तो अपने मित्रों को पास बुलाकर बोला- अब मेरा अंतिम समय आ गया है। तुम लोगों ने आजीवन मेरा साथ दिया है। मृत्यु के बाद भी क्या तुम लोग मेरा साथ दोगे? पहला मित्र बोला- मैंने जीवन भर तुम्हारा साथ निभाया। लेकिन अब मैं बेबस हूँ। इससे आगे अब मैं तुम्हारी कोई मदद नहीं कर सकता हूँ। दूसरा मित्र बोला- मैं मृत्यु को नहीं रोक सकता। मैंने आजीवन तुम्हारा हर परिस्थिति में साथ दिया है। तुम्हारे जाने के बाद, मैं यह सुनिश्चित करूँगा कि तुम्हारी अंतिम संस्कार की प्रक्रिया यथावत संपन्न हो।

तीसरा मित्र बोला- मित्र! तुम तनिक भी चिंता मत करो, मैं मृत्यु के बाद भी तुम्हारा साथ दूँगा, तुम जहाँ भी जाओगे, मैं तुम्हारे साथ रहूँगा। मनुष्य के ये तीन घनिष्ट मित्र हैं- धन, परिवार एवं कर्म। इन तीनों में से मनुष्य के कर्म ही मृत्यु के बाद भी उसका साथ निभाते हैं। धन समय को साथ यहां छूट जाता है। उसे मनुष्य मृत्यु के बाद अपने साथ नहीं ले जा सकता। यही स्थिति परिवार की होती है। मृत्यु के बाद व्यक्ति के साथ उसका परिवार भी नहीं जाता। सिर्फ इस संसार में किए गए अच्छे कर्म ही मृत्यु के उपरान्त उसके साथ जाते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**युद्ध हमेशा नुकसान लेकर आए हैं**

ईरान ने इजरायल पर अप्रैल में हमला किया था। उसी समय से इन दोनों में तनाव चल रहा है और अब ईरान ने एक बार फिर से जबरदस्त हमला इजरायल पर किया। इस बार उसने लगभग 180 मिसाइलों से हमला किया और बहुत ज्यादा ताकतवर मिसाइल फतह-2 का प्रयोग किया। यह मिसाइल हाइपरसोनिक मीडियम-रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल है। ईरान-इजरायल के बीच जो तनाव बढ़ रहा है, उसके लिए कुछ बुद्धिजीवी और अन्य लोग यह मान रहे हैं कि इन दोनों देशों का यह तनाव विश्व को विश्व युद्ध की तरफ ले जा सकता है। युद्ध चाहे किसी भी युग में क्यों न हो, हमेशा बर्बादी ही लाता है। लेकिन प्राणी जाति में सबसे समझदार समझा जाने वाला इनसान युद्ध में ही विश्वास रख रहा है। - **देवेंद्र यादव**, राजिम

## ट्रेंड

### मेरी गहरी संवेदनाएं!



मिर्जापुर में हुआ सड़क हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। इसमें जान गंवाने वालों के शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ईश्वर उन्हें इस पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करे। मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### जीरो टॉलरेंस की नीति



एक ओर जहां मोदी सरकार 'नशामुक्त भारत' के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है, वहीं उत्तर भारत से पकड़ी गई ड्रग्स की 5,600 करोड़ की खेप में कांग्रेस के एक प्रमुख व्यक्ति की संलिप्तता बेहद खतरनाक और शर्मनाक है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### खनन में नीलामी



सरकार ने अधिक पारदर्शिता के लिए खनन में नीलामी शुरू की थी। लेकिन सीमित ब्लॉक ही ऑफर पर होते हैं और इतने सारे स्टील निर्माता कच्चे माल की सुरक्षा चाहते हैं, तो मांग-आपूर्ति में विसंगति होती है और बोली की कीमतें बढ़ जाती हैं।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

### 'पानी' अस्तित्व की लड़ाई



ऐसी दुनिया में जहां पानी दुर्लभ है, प्रेम सबसे बड़ा संसाधन है। यह हमें दिखाता है कि जब जुनून और उद्देश्य एक हो जाते हैं, तो कुछ भी संभव है। फिल्म 'पानी' कहानी से कहीं अधिक अस्तित्व की लड़ाई है।

-प्रियंका चोपड़ा, अभिनेत्री

## करंट अफेयर

# नोबेल पुरस्कारों की घोषणा अगले हफ्ते से होगी शुरू



दुनिया के कई हिस्सों में छिड़े युद्ध, शरणार्थी संकट, अकाल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस दौर में अगले हफ्ते से नोबेल पुरस्कारों की घोषणा शुरू हो जाएगी। पुरस्कार के ऐलान के सप्ताह में संयोग से सात अक्टूबर की वह तिथि भी आएगी जो हमास की अगुवाई में इजराइल पर किये गये हमले की बरसी भी है। हमास के हमले के बाद से पूरे पश्चिम एशिया में रक्तपात और युद्ध की शुरुआत हो गई जो करीब सालभर से जारी है। साहित्य और विज्ञान के लिए नोबेल पुरस्कार को छूट दी जा सकती है। लेकिन संघर्ष को समाप्त करने के प्रयासों को मान्यता देने वाला शांति पुरस्कार अगर दिया जाता है तो यह 'अंतरराष्ट्रीय हिंसा' के माहौल में दिया जाएगा। 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट' के निदेशक डैन स्मिथ ने कहा, ''मैं दुनिया पर नजर डालता हूं तो बहुत अधिक संघर्ष, शत्रुता और टकराव देखता हूं। मुझे आश्चर्य होता है कि क्या यह वह वर्ष है जब नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा नहीं की जानी चाहिए।''

## ऑफ बीट

# हम नहीं जानते सारा ब्रह्मांड अनंत है या नहीं



लगभग 400 साल पहले दूरबीनों के आविष्कार के साथ इंसान कहीं ज़्यादा दूर तक देखने में सक्षम हुए और वहां तक देख पाए जहां सिर्फ आंखों से देख पाना संभव नहीं था। वे आकाश में नई चीजों की खोज करते रहे। उन्हें और भी तारे मिले और फिर अंततः उन्होंने पाया कि वहां अजीब से दिखने वाले बहुत सारे ब्रह्मांडीय बादल थे। खगोलविदों ने इन्हें 'नेबुला' नाम दिया जो लैटिन शब्द 'धुंध' या 'बादल' से लिया गया है। हमने करीब 100 वर्ष पूर्व, पहली बार पुष्टि की थी कि ये ब्रह्मांडीय बादल या नेबुला वास्तव में आकाश गंगाएं हैं।हालांकि तकनीकी रूप से हमारे ब्रह्मांड का एक छोर है। हम इसे अपना ''अवलोकनीय' ब्रह्मांड कहते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि हम वास्तव में नहीं जानते कि हमारा ब्रह्मांड अनंत है या नहीं। दुर्भाग्यवश हम प्रकाश की गति के कारण कभी भी यह नहीं जान पाएंगे। हम केवल वही प्रकाश देख सकते हैं जो हमारे पास आने के लिए पर्याप्त समय ले चुका हो। प्रकाश ठीक 299,792,458 मीटर प्रति सेकंड की गति से यात्रा करता है। इतनी गति से भी हमारे ब्रह्मांड को पार करने में इसे काफी समय लगता है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि ब्रह्मांड का आकार कम से कम 96 अरब प्रकाश वर्ष है और संभवतः इससे भी बड़ा है।

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

रायपुर
शनिवार, 5 अक्टूबर 2024
आश्विन शुक्ल पक्ष तृतीया
वर्ष : 23, अंक : 80
पृष्ठ : 12+8 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 36.0
न्यून. 25.4

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

02
गलती से लीक कर दिया था सुहाना ऑका नंबर



विचार पेज
नसरल्लाह की मौत पर घाटी में...

# खत्म हुआ इंतजार, बदल गए आठ मेडिकल कालेजों के डीन, डॉ. चौधरी को रायपुर का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मेडिकल कालेजों के डीन और चिकित्सा अधीक्षक बदले जाने के आदेश का इंतजार शुक्रवार को खत्म हो गया। शासन द्वारा शासकीय कालेजों में नए डीन नियुक्त किए गए हैं। जेएन मेडिकल कालेज रायपुर की जिम्मेदारी डॉ. विवेक चौधरी को दी गई है और तृप्ति नागरिया को दुर्ग के सीएमएसी भेजा गया है। डीएमई के साथ दो कालेजों के डीन की जिम्मेदारी संभालने वाले डॉ. यूएस पैकरा को अब दोनों कालेजों के डीन के प्रभार से मुक्त कर दिया गया है।

मेडिकल कालेजों में शीर्ष स्तर पर बदलाव किए जाने की चर्चा काफी समय से चल रही थी। शुक्रवार को इन चर्चाओं पर शासन द्वारा जारी आदेश के बाद विराम लग गया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए आदेश में डॉ. यूएस पैकरा को प्रभारी संचालक चिकित्सा शिक्षा, आंबेडकर अस्पताल के कैंसर विभाग के एचओडी डॉ. विवेक चौधरी को अधिष्ठाता जीएमसी रायपुर, डॉ. पीएम लुका को रायगढ़ से राजनांदगांव, डॉ. तृप्ति नागरिया रायपुर से सीएमसी दुर्ग, डॉ. अविनाश मेश्राम ▶▶| शेष पेज 4 पर

हरिभूमि फॉलोअप

## तृप्ति नागरिया दुर्ग भेजी गईं, विनीत जैन रायगढ़ के अधिष्ठाता

### डॉ. संतोष सोनकर चिकित्सा अधीक्षक

आंबेडकर अस्पताल के नए चिकित्सा अधीक्षक सर्जरी विभाग के प्राध्यापक डॉ. संतोष सोनकर को बनाया गया है। वर्तमान अधीक्षक डॉ. एसबीएस नेताम वापस विभागाध्यक्ष रेडियोलॉजी की जिम्मेदारी संभालेंगे। अंबिकापुर मेडिकल कालेज के मेडिसिन विभाग के प्राध्यापक तथा मनेन्द्रगढ़ के प्रस्तावित मेडिकल ▶▶| शेष पेज 4 पर

■ डॉ. यूएस पैकरा अब केवल प्रभारी संचालक चिकित्सा शिक्षा


बदले जाएंगे सरकारी मेडिकल कालेजों के डीन
अटकलों के बीच काम फंसा, फाइल भी अटकी

### प्राध्यापक भी बदले गए

एनीस्थिसिया विभाग की प्राध्यापक डॉ. मधुमिता मूर्ति को अंबिकापुर से बिलासपुर सिम्स, उसी विभाग के डॉ. राकेश निगम को सरगुजा, सरगुजा पीएसएम विभाग की डॉ. हेमलता ठाकुर को सिम्स, बिलासपुर सिम्स के अस्थि रोग विभाग के प्राध्यापक डॉ. रविकांत दास आंबेडकर अस्पताल के विभागाध्यक्ष हड्डी रोग, डा. देवाप्रिया लकड़ा प्राध्यापक मेडिसिन आंबेडकर अस्पताल को सरगुजा, कांकेर के शिशु रोग विशेषज्ञ डा. भगत बघेल को कांकेर मेडिकल कालेज भेजा गया है, वे कांकेर मेडिकल कालेज डीन के प्रभारी थे।

## खबर संक्षेप

### क्रिकेटर अंकोला की मां की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**पुणे।** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर सलिल अंकोला की 77 वर्षीय मां माला अंकोला का शव उनके आवास पर संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। उनकी गर्दन पर घातक चोट लगी है, जो माना जा रहा है कि उन्होंने खुद ही रसोई के चाकू से लगाई है। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। प्रारंभिक जांच में यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। अंकोला बीसीसीआई के सेलेक्टर भी रह चुके हैं। सलिल ने कई फिल्मों व टीवी धारावाहिक में काम किया है।

### चार लोगों को घायल करने वाला तेंदुआ पकड़ाया



**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य के ककरहा रेंज स्थित जंगल से सटे रामपुर बेझा गांव में एक वयस्क नर तेंदुए को वन विभाग ने पिंजरे में कैद कर लिया।

# हिजबुल्लाह का भावी चीफ सफीद्दीन मारा गया
# ईरान का ऐलान- इजरायल से लेकर रहेंगे बदला

एजेंसी ▶▶| बेरूत

मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच इजरायल ने एक बार फिर हिजबुल्लाह को भारी नुकसान पहुंचाया है। लेबनान की राजधानी बेरूत में हिज्बुल्लाह के प्रमुख नेता व भावी चीफ हाशेम सफीद्दीन को उसने उस समय निशाना बनाया जब वह गुप्त बंकर में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मीटिंग कर रहा था। मारा गया सफीद्दीन हसन नरसल्लाह का रिश्ते में भाई है, जो उसका संभावित उत्तराधिकारी बताया जा रहा था। वहीं तेहरान में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई जुम्मे की नमाज के बाद देश को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया के मुसलमान एकजुट रहें। जब वक्त आएगा तो हम क्रूर इजरायल से इंतकाम लेकर रहेंगे।

खामेनेई ने कहा कि मुलसमान अगर साथ रहेंगे तो उनका भला होगा। हम इजरायल के खिलाफ हो रहे जंग में हम हिजबुल्लाह के साथ हैं।

## खामेनेई ने कहा- हम हिजबुल्लाह के साथ, इजरायल ने फिर किया हमला, लेबनान ने भी दागीं मिसाइलें

### हम दुश्मनों के इरादों को सफल नहीं होने देंगे

खामेनेई ने इजरायल को सभी मुसलमानों का दुश्मन बताया। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को अत्याचार का सामना करना पड़ रहा है। यह सिर्फ हमारा नहीं, बल्कि फिलिस्तीन और यमन का भी दुश्मन है। खामनेई ने कहा कि ईरान दुश्मनों के मंसूबों को सफल नहीं होने देगा। इजराइल और उसके समर्थक मुसलमानों के खिलाफ शैतानी राजनीति को बढ़ावा देना चाहते हैं, लेकिन हम उन्हें कामयाब नहीं होने देंगे।



### 'फिलिस्तीन पर दुश्मनों का कब्जा'

खामेनेई ने अपने संबोधन में इजरायल और फिलिस्तीन के मसले पर बड़ा बयान दिया। खामेनेई ने कहा कि फिलिस्तीन पर दुश्मनों ने कब्जा कर रखा है और फिलिस्तीन को अपना हक वापस लेने का पूरा अधिकार है। खामेनेई ने मुसलमानों से एकजुट होने का आह्वान किया।

### मुसलमानों को एकजुट रहना होगा

अपने संबोधन की शुरुआत में खामेनेई ने मुसलमानों से एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को अल्लाह के दिखाए रास्ते से भटकना नहीं चाहिए। एकजुटता के बिना दुश्मनों का सामना नहीं किया जा सकता।

### खुफिया बंकर में बैठक कर रहा था सफीद्दीन

इजरायल ने बेरुत में उस समय हमला किया जब हिजबुल्लाह की कमान संभालने के पहले सफीद्दीन दूसरे कमांडरों के साथ एक अंडरग्राउंड बंकर में बैठक कर रहा था। बेरूत इजरायल के इन हवाई हमलों से दहल उठा। शहर के आसामान में आग के गोले उठते नजर आए। इजरायली मिसाइलों के अटैक की वजह से बेरूत की आसमान में शोले भड़क उठे। बेरूत शहर रात के समय लपटों में घिरा नजर आया।



### अब बस एक कमांडर रिदा है जिंदा

इजरायली सेना का कहना है कि हिज्बुल्लाह का अभी सिर्फ एक ही कमांडर जिंदा है और वो है अबू अली रिदा। अबू अली रिदा हिज्बुल्लाह की बदर यूनिट का कमांडर है। अबू अली रिदा की लोकेशन के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है। रिदा को इजरायली जासूस एजेंसी जमकर खोज रहीं हैं और उनका दावा है कि जल्द ही उसको भी मार गिराया जाएगा।

# डिप्टी स्पीकर कूदे मंत्रालय की तीसरी मंजिल से, नेट में फंसने से सुरक्षित



एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा में शुक्रवार को आरक्षण के मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ। महाराष्ट्र के मंत्रालय में अजित पवार गुट के विधायक और विधानसभा उपाध्यक्ष नरहरी झिरवल मंत्रालय की तीसरी मंजिल से कूद गए। हालांकि, वह दूसरी मंजिल पर लगी सुरक्षा नेट में फंस गए, जिससे उनकी जान बच गई।

**आरक्षण विवाद पर महाराष्ट्र में बवाल**

### सरकार के फैसले का विरोध

बताया जा रहा है कि वे एकनाथ शिंदे सरकार की तरफ से धनगर समाज को एसटी का दर्जा दिए जाने के फैसले के खिलाफ हैं। वे अपनी ही सरकार के फैसले का विरोध कर रहे हैं। नरहरी झिरवल धनगर समुदाय द्वारा आदिवासी समुदाय के आरक्षण में घुसपैठ को रोकने के लिए एक मजबूत रुख अपना रहे हैं।

### विधायकों का मंत्रालय में जोरदार प्रदर्शन

महाराष्ट्र के आदिवासी समाज के विधायकों ने मंत्रालय में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान नारहरी झिरवाल ने जब सुरक्षा नेट पर छलांग लगाई, तो विधायकों ने जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। आदिवासी विधायकों का कहना है कि धांगड़ समुदाय को एसटी आरक्षण नहीं दिया जाना चाहिए क्योंकि इससे उनकी हिस्सेदारी कम हो जाएगी।





# 'सिकंदर' के सेट पर किया 'किक 2' का ऐलान

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टा सलमान खान इन दिनों अपनी फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। वहीं, इस बीच अब सलमान खान के प्रशंसकों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। सलमान खान की एक ओर नई फिल्म का ऐलान हो गया है। वह फिल्म 'किक 2' है। अब सलमान सिकंदर के बाद 'किक' के सीक्वल में नजर आएंगे। किक 2 की आधिकारिक घोषणा 4 अक्टूबर को की गई। निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने इस खबर के साथ सुपरस्टार का एक कैंडिड फोटोशूट साझा किया। सलमान खान की 2014 की फिल्म 'किक' ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया, जो नाडियाडवाला की निर्देशन में पहली फिल्म थी। किक व्यावसायिक रूप से सफल रही।

लाइफ Style

# अनन्या


## गलती से लीक कर दिया था सुहाना का नंबर

एजेंसी ⏭ मुंबई


अनन्या पांडे शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान की बचपन की दोस्त हैं। एक बार गलती से अनन्या सुहाना खान का नंबर इंस्टाग्राम स्टोरी पर लगा चुकी हैं। इतना ही नहीं, एक इंटरव्यू के दौरान अनन्या ने बताया एक बार उनका नंबर भी इंटरव्यू के बीच लीक हो गया था। इसे यूट्यूब पर डाल दिया गया था।

अनन्या पांडे नेटफ्लिक्स इंडिया के यूट्यूब चैनल पर कुछ कॉमेडियन्स के साथ थीं। इस दौरान उन्होंने अपनी लाइफ से जुड़ी फनी घटना बताई। उन्होंने बताया कि कैसे दो बार गलती से अपना और अपनी बेस्ट फ्रेंड सुहाना का नंबर लीक कर चुकी हैं। अनन्या ने बताया, 'मैं एक बार गलती से अपना नंबर लीक कर चुकी हूं। मैं एक इंटरव्यू कर रही थी। वहां प्रेस कॉन्फ्रेंस थी और मेरा इंटरव्यू शुरू हो रहा था। कोई रिपोर्टर आए और किसी काम से नंबर मांगा और सवाल पूछने लगे। मैंने नंबर दे दिया, लेकिन इंटरव्यू शुरू हो चुका था। उन्होंने इसे मेरे नंबर के साथ यूट्यूब पर डाल दिया। तब ये लीक हो गया था।' अनन्या ने बताया कि एक बार सुहाना खान का नंबर भी लीक कर चुकी हैं।

अनन्या बोलीं, 'एक बार मैं गलती से सुहाना का नंबर भी लीक कर चुकी हूं। मैं उससे फेसटाइम कर रही थी। सुहाना ने पिक नहीं किया तो मैंने इसका स्क्रीनशॉट लिया और इसे इंस्टाग्राम पर लगा दिया, इसमें उसका नंबर दिख रहा था।' अनन्या ने जब तक फोटो डिलीट की नंबर लीक हो चुका था। अनन्या ने बताया, 'फिर सुहाना का कॉल आया। वह बोली, सुनो मेरा नंबर हैक हो गया है। मैंने कहा, ओह माई गॉड क्या हुआ सुहाना।' फिर किसी ने उसे बता दिया कि मैंने ऐसा किया था।




# मुझे अपनी फिल्मों पर गर्व है : राजकुमार



**मुंबई।** अभिनेता राजकुमार राव जल्द ही अपनी फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में नजर आने वाले हैं। इससे पहले राजकुमार राव ने 'स्त्री 2' की सफलता को लेकर बात की है। राजकुमार राव ने कहा कि एक अभिनेता के तौर पर मुझे अपनी फिल्मों पर गर्व है। उन्होंने कहा, कभी-कभी वो समय होता है जब फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अच्छा नहीं कर पाती है। 'ट्रैप्ड' फिल्म का जिक्र करते हुए राजकुमार ने कहा कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर इतनी खास नहीं रही लेकिन मेरे लिए बहुत खास है। आगामी फिल्मों की बात करें तो राजकुमार राव की फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' 11 अक्टूबर पर बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है।

# अगले साल दिसंबर में रिलीज होगी 'अल्फा'



**नई दिल्ली।** आलिया भट्ट की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'अल्फा' की रिलीज तारीख सामने आ चुकी है। यह फिल्म आदित्य चोपड़ा निर्मित पहली महिला-प्रधान वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स फिल्म है। शुक्रवार को यशराज फिल्म्स ने फिल्म के रिलीज तारीख की घोषणा अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा करते हुए की है। निर्माताओं ने आलिया के प्रशंसकों के लिए क्रिसमस के उपहार की पूरी तैयारी कर ली है, लेकिन यह तोहफा इस साल क्रिसमस पर नहीं, बल्कि अगले साल मिलेगा। अभी फैंस को थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा। बता दें कि 'अल्फा' 5 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बॉलीवुड की सुपरस्टार अभिनेत्री आलिया भट्ट इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। उनके साथ इंडस्ट्री की उभरती हुई कलाकार शरवरी वाघ भी शामिल होंगी। दोनों अभिनेत्रियां शिव रवैल निर्देशित बहुप्रतीक्षित स्पाईवर्स फिल्म में सुपर एजेंट की भूमिका में नजर आएंगी। दावा किया जा रहा है कि इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन देखने को मिलेगा। निर्देशक और निर्माता दर्शकों के मनोरंजन को एक अलग स्तर पर ले जाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और फिल्म के निर्माण में कोई कसर नहीं छोड़ रहे।



# तारक मेहता के निर्माताओं को मिली नई सोनू

**नई दिल्ली।** शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' घर-घर लोकप्रिय है। शो में 'जेठालाल' का किरदार निभाने वाले दिलीप जोशी इस शो के मुख्य कलाकार हैं। हालांकि, दर्शकों को शो के हर किरदार की परफॉर्मेंस काफी पसंद आती है। पिछले दिनों शो में सोनू की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री पलक सिंधवानी ने शो छोड़ दिया है। इसके बाद मेकर्स नई 'सोनू' की तलाश में जुटे हुए थे। अब, निर्माताओं ने अभिनेत्री खुशी माली को 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में नई 'सोनू' के रूप में घोषित किया है। शो के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर निर्माताओं ने खुशी की एक तस्वीर साझा की और लिखा, 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा परिवार में 'सोनू भिड़े' के रूप में खुशी माली का स्वागत करने में हमारे साथ शामिल हों! उनकी एनर्जी और खूबसूरती के साथ गोकुलधाम को रोशन करने के लिए तैयार हो जाइए।' निर्माता असित कुमार मोदी ने बताया, 'सोनू टप्पू सेना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और उनकी उपस्थिति दर्शकों को जरूर पसंद भी आएगी।

# रानी और काजोल पहुंची दुर्गा पूजा पंडाल



**मुंबई।** हर साल की तरह इस बार भी दुर्गा पूजा के अवसर पर काजोल और रानी मुखर्जी दुर्गा पूजा पंडाल पहुंच चुकी हैं। पूरे साल में ये ऐसा खास मौका है जिसे ये बहनें परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर ही नहीं, बल्कि आम पब्लिक के बीच खड़े होकर सेलिब्रेट करती हैं। इस वक्त रानी मुखर्जी और काजोल के कुछ वीडियोज़ सामने आए हैं जिनमें दोनों बहनें पंडाल में कैमरे पर पोज देती दिख रही हैं। फिर दोनों आपसे में कुछ बातें करते हैं और गले मिलकर दोनों एक-दूसरे पर प्यार लुटाती दिख रही हैं। काजोल रानी से कुछ बता रही हैं, जिसे सुनकर वो हंस पड़ती हैं। रानी मुखर्जी और काजोल आपस में चचेरी बहनें हैं। रानी मुखर्जी के पिता राम मुखर्जी और काजोल के पिता सोमू मुखर्जी का रिश्ता आप में चचेरे भाई का रहा है। रानी और काजोल को साथ देखकर लोगों को 26 साल पहले रिलीज हुई 'कुछ कुछ होता है' फिल्म की टीना और अंजलि की याद आ गई है। काफी लोगों ने ये सवाल भी किया है कि राहुल कहां है? याद दिला दें कि इस फिल्म में रानी और काजोल के अलावा शाहरुख खान भी थे जो राहुल के किरदार में दिखे थे। कुछ यूजर ने कहा है- राहुल अमन के साथ व्यस्त है। दरअसल, फिल्म में सलमान खान अमन के किरदार में दिखे थे। बता दें कि साल 1998 में रिलीज हुई फिल्म 'कुछ कुछ होता है'। एक बार काजोल ने बताया था कि फिल्म में रानी मुखर्जी के रोल को लेकर उनका करण जौहर से झगड़ा हुआ था।

दरअसल, उस फिल्म में जहां रानी शाहरुख की वाइफ के रोल में दिखीं, वहीं काजोल उनकी फ्रेंड अंजलि की भूमिका में थीं। काजोल ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्हें रानी का टीना वाला रोल पसंद था और इसलिए वो फिल्ममेकर से लड़ पड़ी थीं।

# 'कोई ट्रॉफी लेकर सोए, तो किसी ने ट्रॉफी के साथ सेल्फी ली'



**नई दिल्ली।** भारत जैसे क्रिकेट के प्रति जुनूनी देश में, वर्ल्ड कप जीतने की खुशी की बराबरी शायद कुछ पल ही कर सकता है - खास तौर पर जब यह टी20 वर्ल्ड कप हो। इस साल, भारतीय क्रिकेट टीम ने ऐसा ही करके इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो के सीजन 2 के एपिसोड में, वर्ल्ड कप चैंपियन ने कई मजेदार और दिल को छू लेने वाले किस्से सुनाए, जिससे दर्शकों को ऐसा लगा कि मानो क्रिकेट टीम खुद ट्रॉफी पकड़े हुए उनके सामने हैं। रोहित शर्मा ने मस्ती की शुरुआत की, फिनाले के बाद कैरिबियन में हुए एक अनोखे रोमांच का खुलासा किया। तूफान के कारण बारबाडोस से उनके प्रस्थान में देरी हुई, इसलिए प्रत्येक खिलाड़ी को अपने होटल के कमरे में ट्रॉफी के साथ 15 मिनट बिताने का मौका मिला। रोहित ने हंसते हुए कहा, 'कोई ट्रॉफी लेकर सोए, तो किसी ने ट्रॉफी के साथ सेल्फी ली...'। इनमें से सबसे मजेदार क्या था? सूर्यकुमार यादव और उनकी पत्नी की एक मजेदार फोटो, जिसमें ट्रॉफी उनके बीच रखी हुई थी, जिसे कपिल शर्मा ने दर्शकों को दिखाने के लिए तैयार की थी। दूसरी ओर, अर्शदीप सिंह को ट्रॉफी के साथ उतना समय बिताने का मौका नहीं मिला, जितनी उन्हें उम्मीद थी। अर्शदीप सिंह ने कहा, '10 मिनट के लिए, मैं अपने माता-पिता के साथ था। मेरे पिताजी हमारी फोटो व्हाट्सएप ग्रुप पर शेयर कर रहे थे, और मेरी माँ ने इसे अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर रखा था। मैं ट्रॉफी के साथ सिर्फ 1 या 2 फोटो ही ले पाया।' अक्षर पटेल ने दर्शकों को जीत के बाद के अवास्तविक अनुभव के बारे में बताया। बारबाडोस में फंसे, नाश्ते और दोपहर के भोजन के लिए कतार में खड़े क्रिकेट टीम को ऐसा बिल्कुल भी नहीं लग रहा था कि वे अभी-अभी वर्ल्ड चैंपियन बने हैं। 'जब तक हम भारत वापस नहीं आए, तब तक हमें इसका एहसास ही नहीं हुआ', लेकिन सबसे बड़ा सरप्राइज क्या था? अंग्रेजी में इंटरव्यू देना! उन्हें मोहम्मद सिराज की कही बात याद आयी।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### ड्रायवर/हेल्पर

**आवश्यकता है-** पानी प्लांट में काम करने हेतु माल वाहक ई रिक्शा (लोडर) एवं ड्राइवर, हेल्पर, मजदूरों की आवश्यकता है। **डुमरतराई रायपुर मोबाइल नंबर- 9755160460, 9329345651.** (RO-5960)

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.** (RO-3027)

### सुरक्षागार्ड

**आवश्यकता है-** बंगलो मे कार्य करने हेतु सुरक्षा गार्ड कम नौकर (पुरुष) की तत्काल आवश्यकता हैं अनुभव- 5 से 10वर्ष उम्र 25 से 35 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही **संपर्क करें:- 9229170008.** (RO-3025)

### वेल्डर/हेल्पर

**आवश्यकता हैं**
रायपुर रिश्ता लोहा बाजार में
2 सुपरवाइज़र
4 वेल्डर, 6 हेल्पर,
2 टर्नर, 1 कटर,
4 फिटर
की आवश्यकता है
सम्पर्क करें
**9893070113**

### टायपिस्ट

**आवश्यकता है-** दुर्ग में ऑफिस कार्य के लिए हिन्दी टायपिस्ट की आवश्यकता है। **सम्पर्क नं.- 91319-35984, 70243-06001.** (आरो न.-595)

**नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।**

### कस्टमर केयर वर्क

**Requirment-** Required Female Customer Care Executive, Graduate in any discipline with 01 Year Computer Experience in MS Excel & Word. Salary up to 15K based on Experience. Send your CV on WhatsApp **8962558417.** (RO-A)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** OCEAN Company को ऑफिस हेतु 10th से ग्रेजुएट, 18 से 28 वर्ष के युवक/युवतियों की आवश्यकता, आय 8500 से 18000, **संपर्क करे, राजनांदगांव, (छ. ग.) 9202140074, 8818877409.** (RO-5962)

### टेलीकॉलर

**आवश्यकता है-** टेलीकालिंग हेतु 18 से 28 वर्ष के अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है वेतन 10,000 + कमीशन + बोनस आवास फ्री। पोस्टिंग छत्तीसगढ़ से बाहर। ज्वाइनिंग हेतु कोई फीस नहीं **संपर्क - 9685471225, 6266578863.** (RO-14112)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** प्लास्टिक लाइन के लिए सेल्समैन एंव दुकान कार्य हेतु लड़के /लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार स्वयं आकर ही **संपर्क करें प्रकाश मार्केटिंग डॉक्टर मटरेजा गली नयापारा रायपुर 98261-13735. समय 11:00 से 8:00 बजे** (RO-318)

### फिटर/हेल्पर

**आवश्यकता है-** रायगढ़, भिलाई, रायपुर, बलौदा बाजार, कोरबा, चांपा पावर प्लांट इंजीनियर सिविल, पॉलिटेकनिक कोपा, कम्प्यूटर ऑपरेटर, ऑफिस कार्य इलेक्ट्रीशियन, सुपरवाइजर, वेल्डर कटर फिटर गार्ड चपरासी, ड्राइवर, स्टोर कीपर, ऑफिसर, (रहना खाना+ मेडिकल फ्री) **सम्पर्क- बिलासपुर 8962527013.** (RO-35460)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** ऑटोमेटिक कार (बीएमडबल्यू, ऑडी, मर्सिडीज़ ) चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। ड्राइवर का शादीशुदा होना व 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना:- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें )। इंटरव्यू के लिए आते वक्त अपना आधार कार्ड, बिजली बिल व ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य लाये। सैलरी 19000/- प्रतिमाह। **पता- सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक:- 9340730994.** (RO-19)

**आवश्यकता है-** हर्ष मीडिया को छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में V- 30 Intra- LED वेन चलाने ड्राइवर की आवश्यकता है। अनुभवी ड्राइवर लाइसेंस, आधार कार्ड व अन्य विवरण सहित **संपर्क करें- 8225022889, 9827806026.** (आरो न.- 6386)

### डिजाईनर

**आवश्यकता है-** कोरल ड्रा, फोटोशॉप के जानकार डिजाईनर स्टाफ की आवश्यकता हैं। वेतन योग्यतानुसार, **संपर्क- सत्या फ्लैक्स, चरोदा, भिलाई, मो. नं. 9098701502, 9329665817, 626708559.** (RO-6957)

### देखरेख कार्य

**आवश्यकता है-** नगपुरा के पास स्थित भालूकोन्हा बाड़ी में देखरेख हेतु परिवार की आवश्यकता तथा फैमिली वाला चाहिए रहने की सुविधा उपलब्ध है **संपर्क:-94255-14500, 97541-44001.** (आरो न.-594)




### अन्य

**आवश्यकता है-** Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000- 45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें- 9155382119, 7050656611.** (RO-488)

**आवश्यकता है-** Airport डायरेक्ट भर्ती अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयरहोस्टेस, सुपरवाईजर, ग्राउंडस्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, ड्राईवर, हेल्पर 31500- 82500 मेडिकल इंश्योरेंस, फंड, बोनस, (रहना +खाना +मेडिकल फ्री) **रायपुर संपर्क:- 9205219535.** (RO-3011)

**आवश्यकता है-** भारत की नंबर-1 RELIANCE JIO 5G कंपनी (SMS JOB) करके लड़के- लड़कियां, गृहणियां, रिटायर्ड पर्सन, घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, ADDRESS QUALIFICATION, WhatsApp /Call **करें:- 8101180949, 6297110215.** (RO-3029)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP **करें:- 9102935834.** (RO-2975)

**आवश्यकता है-** जिलानुसार वनविभाग को कम्पनी द्वारा 1150/- लड़के लड़कियों की योग्यता (8वी - ग्रेजुएट), सैलरी (32500- 64500) रहना +खाना फ्री पद वनरक्षक , फील्डऑफिसर , ड्राइवर, गनमैन इच्छुक व्यक्ति / रिटायर्डफौजी अपना फोटो , आधारकार्ड , मार्कशीट , व्हाट्सएप **करें-7522049027.** (RO-483)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000- 50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:-** APS **इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर- 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871.** (RO-2998)

## Education शिक्षण

**मेडिकल प्रवेश-** 10वीं, 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए 2वर्षीय मेडिकल कोर्स शासन से मान्यता प्राप्त DIPLOMA IN CMS & ED- 2 वर्षीय, C.C.H. CERTIFICATE IN COMMUNITY HEALTH एलोपैथीक। चिकित्सा प्रमाण पत्र में प्रवेश प्रारंभ सीट- 25 (प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र खोलने के लिए मान्य ) संपर्क करें:- संजीवनी कॉलेज ओमपरिसर, आर्यनगर दुर्ग ( छ.ग.) 0788-4060006, 9893579048. (आरो न.- 6387)

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

**प्लॉट बेचना है -** बेस्ट इन्वेस्टमेंट प्लाट ही प्लाट दुर्ग के प्राइम लोकेशन पुलगांव लक्ष्मी मार्केट से मात्र 6km दूरी पर 421रु.fit में रजिस्ट्री फ्री ,चंदखुरी हनोदा मार्ग से लगा 40fit रोड में लगा हुआ प्लाट 550रु.fit में डायवर्सन फ्री तुरंत मकान बनाकर रहने लायक जल्द कीजिए प्लाट सीमित **संपर्क:- 9770047215, 6260058087.** (आरो न.- 1803)

## For Rent किराया

**किराये से देना है-** 2000 वर्गफुट(50x40) हॉल कोचिंग ऑफिस, गोदाम सीएंडएफ, वेयरहाउस हेतु पार्किंग सुविधायुक्त किराए पर देना। **अपोजिट मंडीगेट, नीयर बंसल पब्लिक स्कूल, पंडरी रायपुर. 9301128678, 7974570771.** (RO-311)

## Purchase खरीदना

**खरीदना है-** बीएसपी लीज कॉर्नर क्वार्टर सेक्टर 2 में. रेंट वाले भी संपर्क करें। **संपर्क :- 7999195788.** (आरो न.-596)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




**विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें**
**62638-18152**

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी आज जारी करेंगे पीएम किसान निधि की 18वीं किस्त

**हरिभूमि न्यूज . नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को



महाराष्ट्र के वाशिम से पूरे देश के किसानों के खाते में पीएम किसान निधि की 18वीं किश्त जारी करेंगे। यह जानकारी देते हुए केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि हमारी छह सूत्रीय रणनीति- उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन की लागत घटाना, उत्पादन के ठीक दाम देना, प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान की भरपाई करना, कृषि का विविधिकरण, वेल्यू एडिशन और प्राकृतिक खेती है।

### 'देश की सुरक्षा के साथ खेल रही कांग्रेस' : शाह

**हरिभूमि न्यूज .नई दिल्ली।** हरियाणा विधानसभा चुनाव की



वोटिंग से एक दिन पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 5600 करोड़ रुपए के ड्रग केस को लेकर बड़ा बयान दिया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा है, "एक ओर जहां मोदी सरकार नशामुक्त भारत के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है, वहीं उत्तर भारत से पकड़ी गई ड्रग्स की 5,600 करोड़ रुपए की खेप में कांग्रेस के एक प्रमुख व्यक्ति की संलिप्तता बेहद खतरनाक और शर्मनाक है। शाह ने कहा कि कांग्रेस के शासन में ड्रग्स से पंजाब, हरियाणा और समग्र उत्तर भारत में युवाओं का जो हाल हुआ, वह सभी ने देखा है।

## सोमनाथ मंदिर के पास बुलडोजर एक्शन : सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार से मांगा जवाब

# आदेश की अवमानना हुई तो अफसरों को भेजेंगे जेल, सारी संपत्तियां भी बनाना होगा दोबारा


**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सोमनाथ मंदिर के पास गुजरात के प्रभास पाटन में दरगाह और मस्जिदों समेत कई ढांचो को गिराए जाने के खिलाफ यथास्थिति बनाए रखने का आदेश जारी करने से इंकार कर दिया। हालांकि, कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि अगर अदालत के पिछले निर्देश का उल्लंघन पाया गया तो राज्य के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि गुजरात में अधिकारियों ने बुलडोजर एक्शन पर उसके आदेश की अवमानना की है तो हम न केवल अधिकारियों को जेल भेजेंगे, बल्कि उन्हें सारी संपत्तियां दोबारा बनवाने का आदेश दिया जाएगा। यह बात जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने कही। बेंच गुजरात में सोमनाथ मंदिर के पास बने अवैध निर्माणों पर 28 सितंबर को हुए बुलडोजर एक्शन के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### याचिकाकर्ता व बचाव पक्ष की दलीलें

सोमनाथ मंदिर से 340 मीटर दूर बने थे घर और दरगाह याचिका पाटनी मुस्लिम जमात के वकील संजय हेगड़े ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि आदेश के बावजूद गुजरात में अधिकारियों ने बुलडोजर एक्शन को अंजाम दिया। यहां 57 एकड़ के क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय की करीब 5 दरगाहें, 10 मस्जिदें और 45 घरों पर बुलडोजर चलवाया गया। गुजरात के अधिकारियों की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ये संरचनाएं समुद्र से सटी हुई थीं और सोमनाथ मंदिर से करीब 340 मीटर दूर थीं।



**28 सितंबर को अवैध कब्जों पर चलाया गया था बुलडोजर**

**मामले की अगली सुनवाई होगी 16 अक्टूबर को**

### पाटनी मुस्लिम जमात की मांग की खारिज

याचिका में समस्त पाटनी मुस्लिम जमात ने सुप्रीम कोर्ट के 17 सितंबर के आदेश के उल्लंघन को लेकर कार्रवाई करने की मांग की थी। इस दौरान मुस्लिम धार्मिक और आवासीय स्थलों को ज्यों का त्यों रखने की मांग खारिज कर दी गई। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर गुजरात सरकार से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को होगी।

### एससी और एसटी आरक्षण सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की पुनर्विचार याचिका

सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति को मिलने वाले आरक्षण में उप-वर्गीकरण के अपने फैसले के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने 1 अगस्त को ही इस संबंध में फैसला दिया था और कहा था कि यदि राज्य सरकारों को जरूरी लगता है कि एससी और एसटी कोटे के भीतर ही कुछ जातियों के लिए सब-कोटा तय किया जा सकता है। इसका एक वर्ग ने विरोध किया था और आंदोलन भी हुआ था। इसके अलावा याचिकाएं दाखिल की गई थीं। इन पर ही शुक्रवार को सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने विचार करने से इंकार कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली 7 जजों की बेंच ने कहा कि उस फैसले में ऐसी कोई त्रुटि नहीं थी, जिस पर पुनर्विचार किया जाए। इसलिए पुनर्विचार याचिकाओं को खारिज किया जाता है।

# भाजपा से फारूक की नहीं चल रही बैकडोर बातचीत

**अटकलों को नेशनल कॉन्फ्रेंस ने बताया निराधार**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**



■ श्रीनगर के पूर्व मेयर ने गुप्त बैठक का किया है दावा

नेशनल कॉन्फ्रेंस ने इन अटकलों को सच्चाई से परे बताया है कि जम्मू-कश्मीर में सरकार गठन के लिए जरूरत पड़ी तो भाजपा से हाथ मिलाया जा सकता है।

एनसी ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में सरकार गठन के लिए इंडिया ब्लॉक के बाहर के दलों के साथ किसी भी 'बैक चैनल' बातचीत से इनकार किया, जिसमें पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) भी एक हिस्सा है। गौरतलब है कि राजनीतिक गलियारों में ऐसी अटकलें चर्चा में हैं कि फारूक अब्दुल्ला बैक डोर से भाजपा के संपर्क में हैं। हालांकि अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस ने इससे साफ इंकार कर दिया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस की यह प्रतिक्रिया तब आई है जब श्रीनगर के पूर्व मेयर जुनैद अजीम मट्टू ने सोशल प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा था, "डॉ. फारूक अब्दुल्ला पहलगाम में किस बीजेपी प्रतिनिधि से एक बार नहीं बल्कि दो बार मिले थे?

### यह किया जा रहा दावा

दावा किया जा रहा कि इस बार नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) का अहम रोल सरकार बनाने में रहेगा। जब एक यूजर ने सवाल किया कि क्या यह अफवाह है या इसमें कुछ सच्चाई है, तो मट्टू ने जवाब देते हुए कहा, "अफवाहें? पहलगाम में एनसी-बीजेपी की बातचीत स्वयं डॉ. फारूक अब्दुल्ला की अध्यक्षता में हुई - जिसमें 'अराजनीतिक' मध्यस्थ भी शामिल थे। एनसी इससे इनकार करे, मुझे दोनों बैठकों के नाम, विवरण, स्थान और समय साझा करने में खुशी होगी।" किसी का नाम लिए बिना, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के प्रमुख सज्जाद लोन ने परोक्ष संदर्भ में एक्स पर लिखा, "और अब अपने आकाओं से मिलने के लिए दिल्ली जा रहे हैं। लोग किस प्रकार की ठगी से गुजरे हैं।"

■ विदेश मंत्रालय ने की पुष्टि

■ इस्लामाबाद में इसी माह एससीओ के राष्ट्र प्रमुखों की होने वाली है बैठक

# एससीओ बैठक में भाग लेने पाकिस्तान जाएंगे जयशंकर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**



विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर इस बार शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भाग लेने के लिए पाकिस्तान जाएंगे। 2024 में पाकिस्तान एससीओ की अध्यक्षता कर रहा है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को आयोजित की गई मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में दी। उन्होंने भारत की तरफ से पुष्टि करते हुए कहा कि 15 से 16 अक्टूबर तक पाकिस्तान के इस्लामाबाद में एससीओ के राष्ट्र प्रमुखों की बैठक होगी जिसमें भारतीय विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर शामिल होंगे। ज्ञात हो कि इसके पूर्व में पाकिस्तान ने एससीओ के सदस्य देशों के शीर्ष नेताओं के नाते भारत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था।

*तनावपूर्ण हैं भारत-पाक के द्विपक्षीय संबंध : गौरतलब है कि पाकिस्तान की तरफ से एससीओ की बैठक का आयोजन एक ऐसे समय में किया जा रहा है। जब उसके जम्मू-कश्मीर के मामले पर भारत से द्विपक्षीय संबंध पूरी तरह से पटरी से उतरे हुए हैं। लेकिन भारत का संगठन की बैठक में भाग लेने का निर्णय यह दर्शाता है कि वह क्षेत्रीय सुरक्षा और सहयोग को लेकर कितना गंभीर है।*

**अधिवक्ता श्रीवास्तव ने उठाए सवाल**

# लाखों लोग कर रहे हसदेव में खदानों का विरोध, क्या वह भी विदेशी फंडिंग से हो रहा है?

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

'छत्तीसगढ़ के लाखों लोग हसदेव जैसे जंगल को बचाने, बांगो बांध के जल ग्रहण क्षेत्र को संरक्षित करने, मानव हाथी द्वंद्व को रोकने के लिए हसदेव में खदानों का विरोध कर रहे, क्या वह सब भी विदेशी फंडिंग से हो रहा है?' यह सवाल हसदेव अरण्य वन में खदानों को वन अनुमति देने के खिलाफ सबसे पहले याचिका लगाने वाले अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने उठाए हैं। श्रीवास्तव ने यह सवाल इस परिपेक्ष में उठाए हैं कि मीडिया में कुछ हिस्सों में यह खबरें आई के हसदेव आंदोलन या हसदेव क्षेत्र में खदानों का विरोध विदेशी फंडिंग के कारण हो रहा है। श्रीवास्तव ने ब्योरा देते हुए बताया के वे स्वयं अधिवक्ता है और 2012 से इस क्षेत्र में खदानों की अनुमति का विरोध कर रहे हैं और लगातार एनजीटी हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में इसके संबंध में याचिका लगा रहे हैं। हसदेव क्षेत्र का जंगल जो लगभग 1800 वर्ग किलोमीटर का है, हसदेव बांगो बांध का प्राथमिक जल ग्रहण क्षेत्र है और इसके कारण ही छत्तीसगढ़ के जांजगीर रायगढ़ बिलासपुर कोरबा जिले में सिंचाई और पानी की सप्लाई है ।

ऐसे महत्वपूर्ण जल ग्रहण क्षेत्र को खनन करके बर्बाद करने से भविष्य में पानी की समस्या विकराल रूप लेगी। इसके अलावा इस क्षेत्र में प्रति हेक्टेयर 400 से 500 पेड़ है अर्थात एक खदान पीई के बी में ही 5 लाख से अधिक पेड़ है।

### 10 लाख पेड़ों की कटाई प्रस्तावित

राजस्थान विद्युत उत्पादन मंडल और अडानी द्वारा संचालित खदानों में 10 लाख से अधिक पेड़ों का कटाई होना प्रस्तावित है। इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई और खुली खदान खुलने से मिट्टी का क्षरण होगा और बांध में तेजी से मिट्टी आएगी जिसके कारण हसदेव बांगो बांध की क्षमता घट जाएगी। यही नहीं पूरा इलाका मानव हाथी द्वंद से पीड़ित है और वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट आफ इंडिया की रिपोर्ट में भी कहा है कि खनन बढ़ने से इस इलाके में और आसपास के इलाकों में मध्य प्रदेश तक में मानव हाथी द्वंद की समस्या बढ़ेगी।





प्रिय शेयरधारक,

बहुत खुशी और जिम्मेदारी की गहरी भावना के साथ मैं आपको आपकी कंपनी–एनएमडीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में संबोधित कर रहा हूं, जो भारतीय खनन उद्योग की आधारशिला है। आज जब हम गतिशील बाजार परिदृश्य और वैश्विक आर्थिक बदलावों से गुजर रहे हैं, मैं एक ऐसी कंपनी का नेतृत्व करने के लिए सम्मानित अनुभव करता हूं जो अपने लचीलेपन, नवाचार और सतत विकास की प्रतिबद्धता के लिए जानी जाती है। एनएमडीसी जिम्मेदार खनन के लिए समर्पित है, इसका लक्ष्य सुस्थिर रूप से खनन करना, पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करना, सामाजिक पहलों में निवेश करना और देश की लोहे और इस्पात की बढ़ती मांग को पूरा करना है।

एनएमडीसी ने वित्त वर्ष 24 में लौह अयस्क का ऐतिहासिक परिमाण प्राप्त किया। यह एक ऐसी उपलब्धि है जो लम्बे समय तक इसकी मजबूती के प्रमाण के रूप में प्रतिध्वनित होगी और साथ ही, कंपनी और उद्योग के भविष्य का निर्धारण करेगी। वित्तीय वर्ष 2023–2024 में 45 मिलियन टन के स्तर को पार करके हमारी विरासत वास्तव में समृद्ध हुई है। भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक ने खनिज सुरक्षा को मजबूत करने के देश के सपनों को साकार करना जारी रखा।

इस यात्रा में, एनएमडीसी ने इस क्षेत्र की आवर्ती अस्थिरता को कम किया है, अपनी तकनीकी और डिजिटल ताकत को बढ़ाया है, अपने वित्तीय लचीलापन को मजबूत किया है, और अपने हितधारकों को लाभ प्रदान करने के लिए अथक प्रयास किया है। जब हम वित्त वर्ष 24 पर विचार करते हैं, तो मुझे कंपनी की उपलब्धियों, चुनौतियों और रणनीतिक विजन को आपके साथ साझा करने में गर्व महसूस होता है। एनएमडीसी की परिचालन उत्कृष्टता, वित्तीय विवेक और रणनीतिक गतिशीलता हितधारकों के विश्वास के साथ मिलकर कंपनी को सतत विकास में सबसे आगे रख रही है।

#### भौतिक और वित्तीय प्रदर्शन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, एनएमडीसी ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ वार्षिक भौतिक प्रदर्शन दर्ज किया और 45.02 मिलियन टन लौह अयस्क का उत्पादन किया और 44.48 मिलियन टन लौह अयस्क की बिक्री की। कंपनी ने वित्त वर्ष 23 की तुलना में उत्पादन में 10% की वृद्धि और बिक्री में 16% की वृद्धि दर्ज की।

यह उपलब्धि वित्त वर्ष 24 में रु. 21,294 करोड़ राजस्व अर्जन के एक मजबूत वित्तीय प्रदर्शन में परिवर्तित हुई जो वित्त वर्ष 23 में प्राप्त राजस्व पर 21% की वृद्धि दर्शाता है। कार्यनीतिक वित्तीय योजना और मूल्य निर्धारण तंत्र के कारण वित्त वर्ष 24 में रु. 5,632 करोड़ का कर पश्चात लाभ और असाधारण मदों से पहले कर पूर्व लाभ रु. 8,294 करोड़ का हुआ, जिससे गत वर्ष की इसी अवधि पर कर पश्चात लाभ में 2% और कर पूर्व लाभ में 30% की वृद्धि हुई।

वित्त वर्ष 24 के लिए, एनएमडीसी का ईबीआईटीडीए रु. 8,709 करोड़ था, जो पिछले वित्त वर्ष से 28% की वृद्धि दर्शाता है। कंपनी का 2023–24 में प्रचालनगत लाभ मार्जिन 34% रहा।

कंपनी का अब तक का सबसे अधिक पूंजीगत व्यय रु 2,066 करोड़ वित्त वर्ष 24 में क्षमता निर्माण के लिए किया गया था, जो कैपेक्स लक्ष्य रु. 1,769 करोड़ से 17% अधिक था। एनएमडीसी का स्टैंडअलोन नेटवर्थ (एनएसएल के डिमर्जर के बाद) वित्त वर्ष 24 में रु. 25,000 करोड़ का आंकड़ा पार कर गया, जिससे कंपनी की वित्तीय स्थिरता और विकास में निवेश करने और हितधारकों के लिए मूल्य सृजित करने की क्षमता और अधिक मजबूत हुई।

#### प्रचालनगत विशिष्टिताएं

एनएमडीसी की प्रमुख लौह अयस्क खानों–छत्तीसगढ़ में किरंदुल और बचेली और कर्नाटक में दोणिमलै ने कंपनी के इतिहास में अपना अबतक का उच्चतम वार्षिक उत्पादन किया। पेलेट उत्पादन में आने वाली बाधाओं का भी हल किया गया, जिससे वित्त वर्ष 24 में पेलेट उत्पादन 2.65 लाख टन के सर्वोच्च स्तर पर रहा, जो संयंत्र के चालू होने के बाद से सबसे अधिक है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, एनएमडीसी ने निकासी क्षमता को बढ़ावा देने और और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए अपने कुमार मारेंगा स्टॉकयार्ड से परिचालन शुरू करके और अपने किरंदुल परिसर में 10 एमटीपीए रैपिड वैगन लोडिंग सिस्टम को लागू करके एक रणनीतिक कदम उठाया। ये घटनाक्रम उस व्यवसाय मॉडल की एक झलक देते हैं जिससे कंपनी अपनी क्षमता को दोगुना करने के लिए अंतिम रूप दे रही है।

वित्त वर्ष 24 में एक अन्य महत्वपूर्ण विकास मध्य प्रदेश के पन्ना में हीरे की खानों में परिचालन को फिर से शुरू करना था, जिससे हमारे खनिज पोर्टफोलियो में विविधता लाने वाली एक ऐतिहासिक संपत्ति को पुनर्जीवित किया गया। विस्तार और विविधीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि कंपनी की सहायक कंपनी, लिगेसी आयरन ओर लिमिटेड के माध्यम से वित्त वर्ष 24 में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के माउंट सेलिया में स्वर्ण खनन शुरू करने के साथ प्राप्त हुई। लिगेसी ने माउंट बेवन में मैग्नेटाइट संसाधनों की क्षमता को अनलॉक करने और ऑस्ट्रेलिया में लिथियम जैसे रणनीतिक हित के खनिजों का पता लगाने के लिए एक संयुक्त उद्यम समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

दक्षता, पारदर्शिता और व्यापार करने में आसानी बढ़ाने की दिशा में, एक नई संगठनात्मक संरचना–'वर्क्स ऑर्गनाइजेशन' की अवधारणा बनाई गई और उसका कार्यान्वयन सभी प्रमुख पूंजीगत परियोजनाओं की नजदीकी निगरानी और समय पर निष्पादन के लिए किया गया।

#### जलवायु परिवर्तन पर प्रतिक्रिया

एनएमडीसी पर्यावरण के प्रति जागरूक ग्राहकों की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी टिकाऊ और कुशल खनन परम्परा का लाभ उठाने और उसे बढ़ाने की योजना बना रहा है और 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने के भारत के लक्ष्य के साथ संरेखित कर रहा है।

कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए, एनएमडीसी सड़क मार्गों के बजाय स्लरी पाइपलाइनों और रेलवे के माध्यम से पर्यावरण के अनुकूल अयस्क परिवहन की ओर बढ़ रहा है। इस दिशा में प्रगति चल रही है, किरंदुल–कोथावलसा रेलवे लाइन का दोहरीकरण वित्त वर्ष 25 में पूरा होने की उम्मीद है और नगरनार से होकर बचेली से विशाखापत्तनम तक 15 एमटीपीए स्लरी पाइपलाइन बिछाने का कार्य वित्त वर्ष 27 में पूरा करने की उम्मीद है। एनएमडीसी स्लरी पाइपलाइन मार्ग के साथ 2 एमटीपीए पैलेट प्लांट और 10 एमटीपीए बेनिफिकेशन प्लांट का निर्माण कर रहा है, जिसमें शून्य अपशिष्ट खनन की दिशा में एक कदम के रूप में अपने पारिस्थितिकी तंत्र में ब्लेंडिंग यार्ड शुरू करने की योजना है।

कंपनी सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं में भी निवेश कर रही है, जबकि अक्षय ऊर्जा क्षेत्रों और हरित भारत को बढ़ावा देने के लिए लिथियम और कोबाल्ट जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के खनन के अवसरों की तलाश कर रही है।

#### ईएसजी प्रदर्शन

एनएमडीसी जीएचजी उत्सर्जन को कम करने, अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण को बढ़ाने, ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन करने और जैव विविधता के संरक्षण के प्रयासों को तेज कर रहा है। हमने अपने मूल्य श्रृंखला उत्सर्जनों की सावधानीपूर्वक जांच करने के लिए एक स्कोप 3 ग्रीनहाउस गैस इन्वेंटरी विकसित की है। हमारी जैव विविधता संरक्षण पहल निरंतर मजबूत हो रही है क्योंकि हम प्राकृतिक वास को बहाल करने और पारिस्थितिक तंत्र को संरक्षित करने के लिए राज्य वन विभागों के साथ सहयोग करते हैं। छत्तीसगढ़ के पर्यावरणीय संरक्षण में योगदान देते हुए, एनएमडीसी ने छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण बोर्ड को अपनी तरह की पहली मोबाइल पर्यावरण प्रयोगशाला प्रदान की।

कंपनी की परिवर्तनकारी सीएसआर पहल हमारे लिए गर्व और उद्देश्य का स्रोत है। महिलाओं को सशक्त बनाने से लेकर युवाओं का कौशल बढ़ाने तक, रोजगार के अवसर पैदा करने से लेकर सार्वजनिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने तक, भारत के दूर–दराज के इलाकों में प्रगति को सक्षम बनाने में एनएमडीसी निरंतर एक मजबूत स्तंभ रहा है। हमारी प्रमुख सामाजिक पहलों–शिक्षा सहयोग योजना और बालिका शिक्षा योजना ने उच्च शिक्षा और नर्सिंग शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति के साथ हजारों आदिवासी बच्चों की जीवन–यात्रा को सशक्त बनाया है, जिससे वे अपने समुदायों में बदलाव के कारक बन गए हैं। इस दृष्टिकोण ने एजुकेशन सिटी, हॉस्पिटल ऑन व्हील्स, स्पोर्ट्स अकादमियों और बुनियादी ढांचे को आगे बढाया जो सभी के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और अवसर सुनिश्चित करता है।

यह मजबूत परम्परा एक प्रतिबद्ध कार्यबल द्वारा बनाई गई है। हम एनएमडीसी कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और गरिमा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। मजबूत सतर्कता संरचनाओं, सुरक्षा प्रोटोकॉल, सामूहिक सौदेबाजी में शामिल होने और संलग्न होने की स्वतंत्रता के साथ–साथ शिकायत निवारण तक पहुंच ने एक प्रगतिशील और सशक्त कार्यस्थल बनाया है।

स्थापना दिवस 2023 पर, एनएमडीसी ने हमारी कंपनी की प्रगति की प्रेरक शक्ति हमारे कर्मचारियों के असाधारण योगदान का जश्न मनाने और उन्हें सम्मानित करने के लिए 'सीएमडी उत्कृष्टता पुरस्कार' की स्थापना की।

#### कॉर्पोरेट प्रशासन

एनएमडीसी कॉर्पोरेट प्रशासन के उच्चतम मानकों को कायम रखता है और हमारे सभी कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करता है। कॉर्पोरेट प्रशासन केवल एक नियामक आवश्यकता नहीं है, बल्कि हमारी संस्कृति का एक मूलभूत स्तंभ है, जो हमारे हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य बनाने के लिए हमारे कार्यों और निर्णयों का मार्गदर्शन करता है।

#### प्रगति और समृद्धि की ओर

एनएमडीसी 2.0 के युग में आगे बढ़ने के साथ हम वित्त वर्ष 2025 में 50 मिलियन टन लौह अयस्क की आपूर्ति करने की तैयारी कर रहे हैं। यहां से आगे हमारी यात्रा एक महत्वाकांक्षी विकास नीति द्वारा निर्देशित होगी। हम अपनी मौजूदा लौह अयस्क खानों से अपनी उत्पादन क्षमता को 72 मिलियन टन तक बढ़ाने के लिए क्षमता विस्तार और नए बुनियादी ढांचे में निवेश कर रहे हैं, साथ ही, एनसीएल (एनएमडीसी सीएमडीसी लिमिटेड) जेवी खानों को भी विकसित कर रहे हैं ताकि 28 मिलियन टन अतिरिक्त योगदान दिया जा सके। हमारी आंतरिक शक्तियों का उपयोग और बाधाओं का अनुकूलन 2030 तक 100 मिलियन टन उत्पादन क्षमता प्राप्त करने के हमारे दृष्टिकोण को साकार करने के दो कारक हैं।

यह योजना 2030 तक भारत की इस्पात उत्पादन क्षमता को 300 मिलियन टन तक बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय इस्पात नीति के विजन के अनुरूप है। एनएमडीसी का 100 मिलियन टन उस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आवश्यक ~ 430 मिलियन टन कच्चे माल का एक चौथाई हिस्सा होगा।

एनएमडीसी 100 मिलियन टन खनन कंपनी बनने की दिशा में मशीनरी, सामग्री और जनशक्ति नियोजन के प्रति अपने दृष्टिकोण को बदल रहा है। नवाचार और डिजिटलीकरण इस परिवर्तन के प्रमुख सिद्धांत हैं। एक फौलादी इरादे के साथ हम सुचालित उपकरणों और अत्याधुनिक खनन प्रणालियों, जैसे कि स्वचालित नमूनाकरण, फ्लीट प्रबंधन और रैपिड वैगन लोडिंग में निवेश कर रहे हैं। ये प्रौद्योगिकियां उत्पादकता और दक्षता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करती हैं, जो हमें वैश्विक खनन शक्तियों में स्थान दिलाती हैं।

एनएमडीसी की उपलब्धियों को अगस्त, 2023 में अनावरण किए गए हमारे नए लोगो में एकीकृत प्रतिनिधित्व मिलता है। यह लोगो एनएमडीसी में जिम्मेदारी के एक नए युग की शुरुआत करता है और एनएमडीसी 2.0 की भावना को व्यक्त करता है

हमारे उद्योग के विकास और नवाचार को निरंतर बढ़ावा देने वाले वातावरण के सृजन में निरंतर समर्थन के लिए भारत सरकार के प्रति हम आभार व्यक्त करते हैं। हमारे मूल्यवान ग्राहकों, बैंकों, शेयरधारकों, सहयोगियों और वैश्विक भागीदारों के विश्वास, सहयोग और निरंतर साझेदारी के लिए मैं उनके प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। हमने एक साथ मिलकर चुनौतियों को पार किया है और ऐतिहासिक मील के पत्थर हासिल किए हैं। मुझे विश्वास है कि हमारे सामूहिक प्रयास से हम निरंतर प्रगति करते रहेंगे। एनएमडीसी की यात्रा में आपके अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद।

वित्त वर्ष 24 के लिए हमारी उपलब्धियां सराहनीय हैं, लेकिन आगे के मार्ग में संभावनाएं और चुनौती दोनों ही हैं। हमारी दिशा प्रगति – नवाचार, स्थिरता, साझा उद्देश्य और 100 मिलियन टन के सुदृढ भविष्य की ओर संकेत करती है ।

जय हिंद

**अमिताभ मुखर्जी**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार)

*नोट: 27 सितंबर, 2024 को आयोजित एनएमडीसी की 66वीं वार्षिक आम बैठक में सीएमडी के भाषण के कुछ अंश*




एनएमडीसी
NMDC

रजि. कार्यालय: खनिज भवन 10–3–311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद–500028, भारत | www.nmdc.co.in

/nmdclimited

## जैकेट के शेष

### बस्तर में बड़ा ....

कैंप खुलने से नक्सली हुए पस्त - केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ से नक्सवाद का पूरी तरह खात्मा करने का एलान किया था। इसके बाद से लगातार नक्सल उन्मूलन के लिए केंद्र सरकार से बड़ी मात्रा में संसाधन और जवानों की तैनाती की जा रही है। अबुझमाड़ इलाका नक्सलियों के लिए सबसे सुरक्षित माना जाता था। जहां पहाड़ी और पगडंडीनुमा सड़क होने से प्रशासन और पुलिस की पहुंच अंदरूनी क्षेत्रों तक नहीं के बराबर थी। इसलिए नक्सली अबुझमाड़ में बेखौफ राज करते थे लेकिन पिछले 1-2 सालों से माड़ में कई कैंप खुलने से नक्सलियों के हौसले पस्त हो गए। साथ ही नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना भी पुलिस तक पहुंच रही है। यानि सूचना तंत्र भी मजबूत हुआ है।

**नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर चलाया अभियान :** आईजी ने बताया कि माड़ के जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना के बाद सर्चिंग अभियान चलाया गया था। सर्चिंग पार्टी को देखकर नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसका जवानों ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए नक्सलियों को पीछे हटने मजबूर कर दिया। बस्तर के सात जिलों में इस साल हुए एनकाउंटर में फोर्स ने अब तक 164 नक्सलियों को मार गिराया है। वहीं एंटी नक्सल ऑपरेशन के तहत नक्सल प्रभावित इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

**9 माह में कई शीर्ष नक्सली हुए ढेर :** आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि वर्ष 2024 में 9 माह के अंतराल में सुरक्षाबलों ने कई शीर्ष नक्सलियों को मार गिराया है। इनमें तेलगांना के वारंगल निवासी 25 लाख के ईनामी डीकेएसजेडसी जोगन्ना, महाराष्ट्र के गढ़चिरौली महाराष्ट्र निवासी रधेंर, टीएससी मेंबर व सीआरसी टू कमाण्डर सागर निवासी भूपलपल्ली तेलंगाना राज्य, डीवीसीएम शंकर राव भूपलपल्ली तेलंगाना राज्य, डीवीसीएम जगदीश जिला बालाघाट एमपी, एसीएम संगीता उर्फ सन्नी जिला गढ़चिरौली महाराष्ट्र, एसीएम लक्ष्मी जिला मलकानगिरी ओडिशा व एसीएम रजीता जिला वारंगल तेलंगाना शामिल है। इस वर्ष 9 माह के अंतराल में प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए जिला पुलिस बल, डीआरजी तथा केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों द्वारा आपसी बेहतर तालमेल एवं रणनीति के साथ काम करने के परिणाम स्वरूप अब तक कुल 171 नक्सलियों के शव बरामद, 663 गिरफ्तार और 556 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

### 24 घंटे... 30 किमी ....

जंगल को पार करते हुए पैदल चलते रहे। एसपी ने सुरक्षा कारणों का हवाले देते हुए बताया कि अभी मुठभेड़ कहां हुआ इसकी जानकारी नहीं दी जा सकती है। फोर्स को वापस पहुचने में 25 से 30 घटे लगेंगे , जिसके बाद ही विस्तृत जानकारी दी जा सकेगी। आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि इस मुठभेड़ में मिले अत्याधुनिक हथियारों से कयास लगाया जा रहा है कि मुठभेड़ में कई शीर्ष नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। बताया जा रहा है कि फोर्स के नक्सलियों के शव व हथियार लेकर शनिवार शाम तक वापस लौटने की संभावना है वहीं दंतेवाड़ा जिले के बारसूर थाना क्षेत्र मुठभेड़ स्थल से करीब है इसलिए शव को लेकर फोर्स के बारसूर पहुंचने की अधिक संभावना है।

### 9 माह में कई ....

एसीएम रजीता जिला वारंगल तेलंगाना शामिल है। इस वर्ष 9 माह के अंतराल में प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए जिला पुलिस बल, डीआरजी तथा केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों द्वारा आपसी बेहतर तालमेल एवं रणनीति के साथ काम करने के परिणाम स्वरूप अब तक कुल 171 नक्सलियों के शव बरामद, 663 गिरफ्तार और 556 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

### हरियाणा में वोटिंग .....

जैसे कि जेजेपी, एएसपी, बसपा, आईएनएलडी मैदान में हो तो वहीं दिल्ली की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी भी जोर आजमा रही हैं। राज्य में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या दो करोड़ से अधिक है। चुनाव के लिए 20,629 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इस चुनाव में 1031 प्रत्याशी मैदान में हैं जिनमें 101 महिलाएं हैं।

**इन मुद्दों के साथ चुनाव में उतरी पार्टियां :** भाजपा के नेताओं ने लोगों से अपील की कि वे कांग्रेस के झूठ से बचकर रहे क्योंकि उन्होंने हिमाचल, तेलंगाना और कर्नाटक में जनता से किए वादे पूरे नहीं किए हैं। वहीं, राहुल गांधी ने अपनी रैलियों में पिछले साल नूंह हुई हिंसा का मुद्दा उठाया और पीएम मोदी सरकार पर संविधान पर हमला करने का आरोप लगाया। बेरोजगारी, अग्निवीर और किसानों के मुद्दे को भी उठाया। उधर, आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर उन्हें जेल भेजने और काम रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने यह दावा भी किया कि हरियाणा में किसी की सरकार उनकी पार्टी के सहयोग के बिना नहीं बनेगी।

### नैला में थाईलैण्ड ....

दशकों से दुर्गा पूजा का आयोजन क्वांर नवरात्रि में किया जाता है। समिति का यह 41वां वर्ष का आयोजन है। इस वर्ष यहां थाईलैण्ड के अरुणदेव मंदिर की झलक दिखाई पड़ रही है। गौशाला के सामने 150 फीट ऊंचा और 160 फीट चौड़ा विशाल पंडाल तैयार किया गया है, जो हु बहू अरुण देव मंदिर (थाईलैण्ड) की प्रतिबिंब नजर आ रहा है। यहां दुबई के प्रसिद्ध बुर्ज खलीफा की लाईटिंग रात में विशेष आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। पंडाल में मां दुर्गा की 35 ऊंचाई की प्रतिमा स्थापित की गई है, जो पांच शेरों वाले रथ पर सवार है, जो हीरे मोती से सुसज्जित है। उल्लेखनीय है कि नैला में दुर्गोत्सव हर बार नई तर्ज पर मनाने की परंपरा दशकों से चली आ रही है। समिति का यह 41 वां वर्ष है और इस बार थाईलैण्ड अरुण देव मंदिर की तर्ज पर पंडाल सजाया गया है।

### सोने-चांदी व हीरे ....

बांस के पंडाल भी बनाए जा चुके है, तो वहीं माता की प्रतिमा 10 रुपए के सिक्के, चांदी के सिक्के, सोने के सिक्के के साथ हीरे मोती जड़ित प्रतिमाएं भी यहां स्थापित हो चुकी है। पूर्व के वर्षों में रुद्राक्ष और कांच से बनी प्रतिमाएं भी काफी आकर्षक और चर्चित रही, जिसे देखने के लिए न केवल जिला और संभाग बल्कि प्रदेश सहित दिगर राज्यों से भी लोगों की भीड़ पहुंचती थी। इस बार भी यहां लोगों की भीड़ लगनी शुरु हो गई है।

## पेज एक के शेष

### खत्म हुआ इंतजार, बदल...

को कोरबा से शासकीय कालेज अंबिकापुर, डा. रमणेश मूर्ति को अंबिकापुर के प्रभार से मुक्त करते हुए केवल बिलासपुर सिम्स के डीन, डॉ. यास्मीन खान को महासमुंद से कांकेर मेडिकल कालेज, राजनांदगांव चिकित्सा महाविद्यालय के मेडिसिन विभाग के एचओडी डा. प्रदीप बेक को डीन जगदलपुर मेडिकल कालेज, डॉ. रेणुका गहने को नांदगांव से डीन महासमुंद, डॉ. रंजना आर्या को दुर्ग से विभागाध्यक्ष एनाटॉमी विभाग अंबिकापुर के साथ कोरबा मेडिकल कालेज तथा आंबेडकर अस्पताल के अस्थि रोग विभागाध्यक्ष डॉ. विनित जैन को प्रभारी अधिष्ठाता रायगढ़ बनाया गया है।

### डॉ. संतोष सोनकर चिकित्सा...


कालेज के नोडल अधिकारी डॉ. लखन सिंह को सिम्स के चिकित्सा अधीक्षक, एचओडी फिजियोलॉजी दुर्ग के डॉ. अतुल देशकर एमएस नांदगांव, सह प्राध्यापक मनोरोग कांकेर डा. विमल भगत को वर्तमान जिम्मेदारी के साथ चिकित्सा अधीक्षक, कांकेर मेडिकल कालेज के एचओडी पीएसएम डॉ. टिक्कु सिन्हा को प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल जगदलपुर तथा विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी डॉ. बीपी सिंह को प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक बिलासपुर नियुक्त किया गया है।

## जयपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआईएसएफ) को एक धमकी भरा मेल मिला, जिसमें एयरपोर्ट को निशाना बनाने की बात कही गई। हाल के दिनों में यह तीसरी बार है, जब जयपुर को बम धमाकों की धमकी दी गई है। इससे पहले शहर के प्रमुख स्कूलों और रेलवे स्टेशन को निशाना बनाने की धमकियां मिल चुकी हैं। इस बार मिली धमकी का कंटेंट पिछले मेल्स से काफी अलग है, जो इसे और अधिक गंभीर बना रहा है। मेल में लिखा गया है, याद रखना, दुनिया के सबसे ताकतवर देशों से हमने अकेले टक्कर ली है। मैंने उनके अहंकार को तोड़ा है और उन्हें निराश किया है!

## हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विवादों के शांतिपूर्ण निपटारे पर भारत का जोर

**हरिभूमि न्यूज : नई दिल्ली।** हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने



शुक्रवार को इलाके में शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए बनी हुई भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि भारत का जोर क्षेत्र में विवादों के शांतिपूर्वक निपटारे के अलावा सदस्य देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने की ओर है। भारत यहां एक नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और यूएन के तहत बनाए गए वैश्विक नियम-कानूनों के सम्मान के अपने पुराने रुख पर कायम है। यह जानकारी राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में आयोजित किए गए इंडो-पैसिफिक रीजनल डायलॉग-2024 (आईपीआरडी) को संबोधित करते हुए दी। यह तीन दिवसीय सम्मेलन है जिसकी शुरुआत बीते तीन अक्टूबर को हो गई थी।

### क्षेत्र का विकास नई दिल्ली का विजन

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लिए भारत का विजन सतत-आर्थिक विकास और आपसी सुरक्षा को लेकर भागीदारी बढ़ाने की ओर है। हमें क्षेत्र में एक भरोसेमंद, पसंदीदा सुरक्षा भागीदार और हिंद-प्रशांत में सबसे पहले प्रतिक्रिया करने वाले देश के रूप में देखा जा रहा है। हम आसियान की केंद्रीयता के साथ क्षेत्रीय संवाद, स्थायित्व और सामूहिक विकास के पक्षधर हैं। भारत महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों की सुरक्षा को बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। उसकी क्षेत्रीय भागीदार देशों के साथ तमाम गतिविधियां जारी हैं। इनमें द्विपक्षीय अभ्यास, सूचना साझा करने वाले कदम और सामूहिक समुद्री सुरक्षा तंत्र को मजबूती प्रदान करना शामिल है।

## 'कई दलों की राजनीति देखी, लेकिन राहुल के नेतृत्व में ही देश की प्रगति दिखती है'

**हरिभूमि न्यूज : नई दिल्ली।** पिछले पांच सालों में चार दलों की राजनीति कर भाजपा से कल ही कांग्रेस में लौटे हरियाणा के पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अशोक तंवर को अब भाजपा अचानक दलित विरोधी पार्टी लगने लगी। उन्होंने कहा कांग्रेस से अलग होने के बाद कई दलों की राजनीति देखी, उस अनुभव से कह सकता हूं कि राहुल गांधी के नेतृत्व में ही देश की प्रगति दिखती है।

कांग्रेस ज्वाइनिंग को उन्होंने घर वापसी की संज्ञा देते हुए कहा कि घर से निकल कर सभी इधर उधर घूमने के बाद अंत में घर ही लौटते हैं, हमारी कांग्रेस वापसी को भी वैसे ही देखा जाए। कांग्रेस पार्टी ने मुझे युवक कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया था।

हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी थी। आज राजनीति में जो भी हूं सब कांग्रेस की ही देन है। उन्होंने राहुल गांधी की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि दलित के अधिकारों की रक्षा हो या फिर बाबा साहेब के संविधान की रक्षा करने का दायित्व राहुल गांधी ने हमेशा आगे बढकर जिम्मेदारी निभायी है।

## बड़ी तादाद में मिसाइलें गिराने को चाहिए 'आयरन डोम' सिस्टम

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली**

ईरान ने बीते दिनों इजरायल पर एक साथ 200 बैलेस्टिक मिसाइलों से हमला बोला था। इसके साथ भारत में भी ऐसे किसी हमले से निपटने की तैयारी को लेकर चर्चाओं ने जोर पकड़ा। इसका जवाब शुक्रवार को वायुसेनादिवस के पूर्व में आयोजित वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में नवनियुक्त वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह ने दिया।

उन्होंने कहा, हम 'आयरन डोम' की तरह ही काफी सिस्टम खरीद रहे हैं। लेकिन यह भी सच्चाई है कि अगर हम अपने देश में मौजूद सभी सुरक्षा प्रतिष्ठानों और ठिकानों की एक साथ सुरक्षा करना चाहें तो इनकी हमें ज्यादा संख्या में जरूरत होगी। क्योंकि हमारा देश एक बड़ा देश है। वर्तमान में हमारे पास इजरायल की तरह एक साथ 200 मिसाइलों को गिराने का सिस्टम नहीं है। ऐसे में हमें प्राथमिकताएं तय करनी पड़ेंगी कि कहां हमारे जरूरी उपकरण हैं जिन्हें हमें पहले सुरक्षित करना है। उन पर ज्यादा ध्यान देना पड़ेगा।



■ इजरायल-ईरान युद्ध के दौरान वायुसेनाप्रमुख ने की टिप्पणी

लड़ाई की वजह से आपूर्ति श्रृंखला का बाधित होना एक मुद्दा है। हमने उक्त क्षेत्रों से विमान लिए हैं, जिनकी मरम्मत की जरूरत है। ये चुनौती है जिसे फिलहाल हमने बहुत अच्छी तरह से संभाला है। वायुसेना ने 2047 तक सभी हथियार और उपकरण भारत में बनाने (उत्पादन, विकास) यानी पूर्ण आत्मनिर्भरता का लक्ष्य रखा है। 'चीफ' बदलने से प्राथमिकताएं नहीं बदलती हैं। किसी नियुक्ति से बड़ा संस्थान होता है। यहां बता दें कि आयरन डोम इजरायल का एक एंटी मिसाइल सिस्टम है। इसकी मदद से दुश्मन द्वारा दागी गई मिसाइल का आसानी से पता लगाकर उसे हवा में ही नष्ट किया जा सकता है।


**MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)**
e-Procurement Tender Notice
Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(2nd Call)

**NIT NO: 291 / Health/ NNR / 2024** — **RAIPUR DATED : 04/10/2024**

Online bids are invited for the following works up to **21/10/2024** at **17:30** hours.

| S. No. | System Tender No. | Name of work / Description of work | Probable Amount of contract (In Lacs) | EMD Amound | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 159533 | व्ही.आई.पी. ग्रुप "ए" मुख्यालय अंतर्गत सफाई कार्य हेतु प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 100 अकुशल श्रमिक (सफाई कर्मचारी) रखे जाने बाबत्। | रू. 40.22 लाख | रू. 30,500/- | 3 माह |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate. gov.in from **04/10/2024, 17:30** Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal. NIT details and other documents.

**Note:-** 1. All eligible / interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. *Help Desk at Toll Free No.* **18004199140** or through Email ID *helpdesk.eproc@cgswan.gov.in*

घरों से निकलने वाले गीला व सूखा कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

**HEALTH OFFICER**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**



**POLICE HEADQUARTERS, CHHATTISGARH ATAL NAGAR, NAVA RAIPUR**
Email - spsibphq.cg@gov.in

No. PHQ/SIB/Sec-9/2917/2024 — **Notice Inviting Tender (2nd Call)** — Raipur, Dated: 01/10/2024

Sealed tenders are being invited by the Director General of Police, Chhattisgarh on behalf of Governor of Chhattisgarh from manufacturers (OEM) or authorized firm of manufacturer's (only one firm) for the following item -

| SI. No. | Name of Items | Qty. (No.) | EMD in Rs. |
|---|---|---|---|
| 1. | Acoustic Gunshot Detection System | 12 | 84,000/- |

**Note- Quantity will be variable.**

The tender offer in the prescribed tender form along with all the relevant documents sealed and completed in all the respect, must be submitted as per the schedule below -

**SCHEDULE FOR TENDER**

| | | |
|---|---|---|
| (a) | Address for submission of tender document :- | Block No.-4, Ground floor, SIB, Police Headquarters, Sector 19, Nava Raipur, Chhattisgarh |
| (b) | Last Date and Time of Submission on Bids | 25/10/2024 till 03.00 pm |
| (c) | Place, Time and Date of opening Technical Bid :- | Block No.1, Room No.105 Police Headquarters, Sector 19, Nava Raipur, Chhattisgarh 25/10/2024 at 4:00 pm |
| (d) | Place, Time and Date of opening Financial Bid :- | Shall be intimated later. |
| (e) | Date till which the Bid to remain valid | 180 days from the last date of submission of the Bid. The validity period will be extended with mutual consent. |

Note:-
1. The firms downloading tender from website www.cgpolice.cg.in may directly collect Technical Specification by hand from Block No. 4, Ground floor, SIB, Police Headquarters, Chhattisgarh, Sector - 19. Nava Raipur, with an undertaking that the specifications provided by Police Headquarters Chhattisgarh will not be disclosed to any party.
2. Tender fee of Rs. 3000/- will be paid in the form of DD of State Bank of India/Scheduled Bank payable at Raipur in favor of Director General of Police, Chhattisgarh, Police Headquarters, Atal Nagar Raipur Or State Govt. Challan of Rs. 3000/- to be deposited in the Head of A/c- 0055-Police- 800- other receipt. Tender fee is non refundable and can't be exempted in any condition.
3. Modification/Amendments/Corrigendum, if any shall not be advertised on the news paper but shall be published in the aforesaid web site only and the time of submission of bid will also be extended if required.
4. If any bidder sends tender documents through Courier/Speed post, the tender documents will be accepted till 03.00 pm on 25/10/2024 at Block No.-4, Ground floor, SIB, Police Headquarters, Sector 19, Nava Raipur, Chhattisgarh only. Received tender documents in any other address at PHQ on stipulated date and time, will not be accepted.

G- 242502949/2

**I.G. of Police (SIB)**
**For-Director General of Police**



## छत्तीसगढ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित, उरला संभाग

**// बिजली बंद की सूचना //**

समस्त सम्मानीय निम्नदाब एवं 11 के.व्ही. उच्च दाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 11 के.व्ही. फीडरों एवं 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रों में मानसून पूर्व रख-रखाव हेतु उरला उपसंभाग, एवं भनपुरी जोन में निम्न समयानुसार विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

| क्र. | फीडर का नाम / उपकेन्द्र | तिथि | दिन | तिथि | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11 के.व्ही. एम.पी. एस.आर.टी.सी. भन. जोन | 05.10.2024 | मंगलवार | सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक | डी.एम. टावर, आर.टी.ओ. ऑफिस, बंजारी मंदिर, गुप्ता स्वीट्स, व्यास तालाब |
| | 11 के.व्ही. बंजारी-1 भन.जोन | | | | शेरे पंचाब ढाबा, हरीश पेट्रोल पंप, सतनाम चौक रावाभाठा |
| | 11 के.व्ही. बंजारी-2 भन.जोन | | | | मनीकंचन रावांभाठा, मेटलपार्क, पानी टंकी रावाभाठा, ई.एस.आई.सी. अस्पताल, बंजरंग चौक, बंजारी नगर |
| | 11 के.व्ही. मेटल पार्क फीडर उरला उपसंभाग | | | | लक्की ब्रिक्स, ख्याति इस्पात, वरधान इण्ड. आहूजा, मेटल पार्क क्षेत्र एवं आस पास के क्षेत्र |
| | 33/11 के.व्ही. जी. पी. इस्पात उपकेन्द्र उरला उपसभाग | | | | 33/11 के.व्ही. जी.पी. इत्यात उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडरों के उपभोक्ता |
| 2 | 11 के.व्ही.9 ब्लॉक ओल्ड भन. जोन | 08.10.2024 | मंगलवार | सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक | संपूर्ण भनपुरी इण्ड, एरिया |
| | 11 के.व्ही. परफेक्ट उरला उपसंभाग | | | | सी.एस.आई.डी.सी. आफिस, सुनील स्टील, हीरापोलिंग क्षेत्र, टेक्नो इण्ड. एवं आसपास के क्षेत्र |
| | 33/11 के.व्ही. भनपुरी उपकेन्द्र | | | | 33/11 के.व्ही. भनपुरी उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडरों के उपभोक्ता |
| 3 | 11 के. व्ही. गोंदवारा उरला उपसभाग | 10.10.2024 | गुरूवार | सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक | सी.एस.आई.डी.सी. आफिस, सुनील स्टील, हीरापोलिंग क्षेत्र, टेक्नो इण्ड. एवं आसपास के क्षेत्र |
| 4 | 33/11 के.व्ही. सरोरा उपकेन्द्र | 12.10.2024 | शनिवार | सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक | 33/11 के.व्ही. सरोरा उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडरों के उपभोक्ता |
| 5 | 11 के.व्ही. सरोरा उरला उपसंभाग | 14.10.2024 | सोमवार | सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक | शीला इण्ड, शीतला तालाब, शिवम इंजी., स्टार मुरमुरा, जय अम्बे, शिवाय एवं आसपास के क्षेत्र |
| 6 | 11 के. व्ही. महामाया उरला उपसंभाग | 15.10.2024 | मंगलवार | सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक | रावांभाठा इण्ड. एरिया, खत्री स्वीट्स, डी.आर. धरमकांटा, टाटा मोटर, चंदोक कोल्ड |
| | 33/11 के.व्ही. ट्रांसपोर्ट नगर उपकेन्द्र भन. जोन | | | | 33/11 के.व्ही. ट्रांसपोर्ट नगर उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडरों के उपभोक्ता |
| 7 | 11 के.व्ही. महामाया भन. जोन | 16.10.2024 | बुधवार | सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक | सरस्वती आफसेट, हितेश, बाला जी, गौरव इण्ड, एवं आसपास के क्षेत्र |
| 8 | 11 के.व्ही. ट्रांसपोर्ट नगर भन.जोन | 17.10.2024 | गुरूवार | सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक | महामाया रोड लाईन, जय अंबे धरमकांटा, रिलायंस तालपत्री आदि |
| 9 | 11 के.व्ही. कैलाश नगर भन.जोन | 18.10.2024 | शुक्रवार | सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक | काली मंदिर, आकाश नगर, सीन्टू पीन्टू किराना स्टोर्स, झण्डा चौक, माँ बंजारी शिक्षा मंदिर आदि |
| 10 | 11 के.व्ही. श्री गणेश भन.जोन | 19.10.2024 | शनिवार | सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक | संपूर्ण रावांभाठा इण्ड एरिया |
| | 11 के.व्ही. कृष्णा उरला उपसंभाग | | | | गुलाब उद्योग, क्लासिक इजी., मजदूर नगर बस्ती, लुपिंग गैस, शिवशंकर इण्ड. एवं आसपास के क्षेत्र |
| 11 | 11 के.व्ही. सुभाष चौक भन. जोन | 21.10.2024 | सोमवार | सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक | शनि किराना, आजाद चौक, राजा अनाज भण्डार, झा एक्समर आदि |
| 12 | 11 के.व्ही. ए.आई. आर भन.जोन | 22.10.2024 | मंगलवार | सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक | आकाशवाणी केन्द्र के आसपास क्षेत्र |
| | 11 के.व्ही. बंशी उरला उपसभाग | | | | वाइन शॉप, सार्थक स्टील, अम्बे स्टील, रिंग रोड न. 4 और आसपास के क्षेत्र |
| 13 | 11 के.व्ही. गोंदवारा भन.जोन | 23.10.2024 | बुधवार | सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक | बजरंग नगर, बाजार चौक, शीतला तालाब, नहर पार, मेन रोड़ सरोरा, सुनील पॉली पैक आदि |
| 14 | 11 के.व्ही. शिव मंदिर उरला उपसंभाग | 24.10.2024 | शनिवार | सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक | महाकालेश्वर मंदिर, कैलाश नगर बस्ती, दिनेश इण्ड, अन्नया स्टील, बिलाल इण्ड, साई स्टील एवं आसपास के क्षेत्र |

असुविधा के लिए खेद है।

S-41684/1

Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़

"विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध हैं कृपया इससे बचे"
"स्वहित एवं राष्ट्र हित में उर्जा बचाइए"

कार्यपालन यंत्री
(संचा./ संधा.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं. लिमि., उरला



**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)/(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी) CIN No. U40108CT20035GC015822,
कार्यालय – अधीक्षण अभियंता (नगर) वृत्त छ.स्टे.पा.डि.कं.लि.दुर्ग Email ID – secc.durg@cspc.co.in

कमांक / 372000 / कय शाखा / निविदा / 3332 — दुर्ग, दिनांक 03.10.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना (E-Bidding)**

अधीक्षण अभियंता (नगर) वृत्त छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग के अधीनस्थ **कार्यपालन अभियंता (नगर) संभाग दुर्ग के अंतर्गत दुर्ग, बघेरा, जवाहर नगर, बोरसी पद्मनाभपुर सिविल लाईन में** कम्प्यूटरीकृत शिकायत केन्द्रों के संचालन हेतु 03 पाली में (प्रतिपाली 01) टेलीफोन अटेंडेन्ट सह सहायक ऑपरेटर (अर्द्धकुशल श्रमिक) एवं आवश्यकतानुसार रिलीवर ऑपरेटर बाहय स्त्रोत (ठेकेदार के माध्यम) से रखे जाने **एक वर्ष** के लिए अस्थायी अल्पकालिन अनुबंध हेतु ठेकेदारों से E-Bidding के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| कं. | निविदा कमांक (RFX No) | कार्य का नाम | अनुमानित निविदा मूल्य | निविदा मूल्य (वापसी योग्य नहीं) | बयाना राशि (वापसी योग्य) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 8100039593 | टेलीफोन अटेंडेन्ट सह सहायक ऑपरेटर (अर्द्धकुशल श्रमिक) एवं आवश्यकतानुसार रिलीवर ऑपरेटर बाह्य स्त्रोत (ठेकेदार के माध्यम) से रखे जाने हेतु। | **42,96,492.00** | **5,000.00 (Inclusive GST)** | **43,000.00** |

| | | |
|---|---|---|
| ऑन लाईन निविदा जमा करने की तिथि व समय | 23.10.2024 | दोप. 12.00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की तिथि व समय | 23.10.2024 | दोप. 12.30 बजे |

**नियम व शर्ते** :–01.इच्छुक ठेकेदार उपरोक्त निविदा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के ऑनलाईन SAP-SRM पोर्टल के माध्यम से जमा कर सकेंगें तथा निविदा मूल्य एवं बयाना राशि SAP-SRM पोर्टल के माध्यम से Online जमा किया जाना है। **निविदा मूल्य एवं बयाना राशि (चालान) PDF Download कर Scan कर टेण्डर Document के साथ संलग्न करना अनिवार्य है** ।02.निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में अर्हता व कार्यों के संपादन संबंधी विस्तृत जानकारी निविदा प्रपत्र में संलग्न है ।04.किसी भी प्रकार की देरी या तकनीकि बाधा के बाबत् कंपनी जिम्मेदार नहीं होगा ।05.निविदा उपरोक्त नियत तिथि व समय में E-Bidding के माध्यम से खोला जावेगा ।06.प्रतिनिधियों को अपना अधिकृत प्रमाण पत्र On line Scan कर जमा करना आवश्यक है ।07.अनुबंध / आदेश की अवधि 01 माह की नोटिस पर किसी भी समय समाप्त की जा सकती है ।08.निविदा निरस्त / संशोधन करने का अधिकार कंपनी के पास सुरक्षित होगा ।09.निविदाकर्ता के द्वारा संपूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न प्रोफार्मा में जमा करना अनिवार्य है।

**Details of NIT and Tender Documents are available on our website – For external users : https://ebiding.cspcl.co.in:50724/irj/portal helpline no. 0771-2576672 (EITC, CSPDCL). The bidder must have a valid Digital signature and Sap SRM User ID.For e-bidding training is scheduled at EITC (to help bidders for participation through e-bidding), on every working Wednesday from 3.00 PM to 5.00 PM.Java configuration changes are to be done in the exception site list. The process is – open Java by following the path control panel >Java>security Tab> Exception Site list Click on Edit site list " Add the web link " https://cisrp.cspcl.co.in:1443" in exception site list.**

स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचायें

अधीक्षण अभियंता (नगर) वृत्त
छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमिटेड, दुर्ग


## राशिफल

**मेष** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। माता का सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। आशा-निराशा के मिश्रित भाव मन में रहेंगे।

**वृष** — धार्मिक संगीत में रुचि हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव के योग बन रहे हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं का विस्तार होगा।

**मिथुन** — धन की स्थिति में सुधार होगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। खर्चों पर नियन्त्रण करने का प्रयास करें।

**सिंह** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय के साधन बन सकते हैं। मीठे खान-पान में रुचि बढ़ सकती है।

**कन्या** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी।

**तुला** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। मन में निराशा के भाव रहेंगे। पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धैर्यशीलता में कमी आएगी।

**वृश्चिक** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में भाई-बहन का सहयोग भी मिल सकता है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है।


**धनु** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**मकर** — परिवार का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आलस्य की अधिकता हो सकती है।

**कुंभ** — धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार की समस्याओं पर ध्यान दें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**मीन** — वाणी में मधुरता रहेगी। संयत भी रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। माता-पिता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रुके हुए काम बनने के आसार हैं।

## शब्द पहेली - 5653



**बाएँ से दाए**
1. सरदार, अगुआ-4
5. जनमत, एक राय-4
9. पुराना जुकाम-3
10. चिंता, परवाह-3
12. पैंदा, तल्ला-2
14. ताल, सुर, आलाप-2
15. महोदय (अंग्रेजी-2)
16. लाडला, दुलारा-2
17. निवास करना-3
19. डोली उठाने वाले-3
21. नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22. तड़फाना-4
24. जल में रहनेवाला-4
25. दरियादिल, करुण-5
26. इराक की राजधानी-4
29. भेंट, पुरस्कार-4
33. पासों से भविष्य देखना-3
34. अश्ववाहक, घुड़सवार-3
36. चौकसी, रखवाली-3
37. हलक, कंठ-2
38. सदैव-2
39. लार -2
42. निश्चित-2
42. कालीन-3
43. बंदर, मर्कट-3
45. किसान-4
46. इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**
2. क्रिकेट में बनते हैं-2
3. नगमा, गीत (उर्दू-3)
4. जो लायक न हो-4
5. अधिकारी, अफसर-4
6. राशिचक्र की एक राशि -3
7. झगड़ा, बैर-2
8. आदत, व्यवहार-4
11. शमशीर-4
13. तरंग, हिलोर-3
16. तृष्णा, लोभ-3
18. अमेरिका स्थित वेधशाला-2
20. जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21. नीर, पानी-2
23. देवर्षि-3
24. ईर्ष्या, डाह-3
26. वटवृक्ष-4
27. जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28. दलहन-2
30. मंत्र जाप-2
31. तसल्ली, आराम-3
32. भगवान विष्णु-4
34. धर्मशीलता-4
35. पैजामा-4
38. तमीज-3
40. साजन, प्रेमपात्र-3
42. पहरा, चौकसी-2
44. अवकाश-2

**शब्द पहेली- 5652 का हल**



## सूडोकु नवताल 5664

✱✱✱✱☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5663 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |



गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
HOME AFFAIRS
सत्यमेव जयते
Indian Cyber Crime Coordination Centre
सहवीर्यं करवावहै • Working Together With Vigour
End-to-end encrypted
Unknown Caller
"मैं पुलिस डिपार्टमेंट से बात कर रहा हूँ। आपका पार्सल पकड़ा गया है जिसमें ड्रग्स हैं..."
स्कैम
सावधान!
आप डिजिटल अरेस्ट स्कैम में फंस सकते हैं।
डरें नहीं, सतर्क रहें!
सीबीआई/पुलिस/कस्टम/ईडी/जज आपको वीडियो कॉल पर गिरफ्तार नहीं करते।
www.cybercrime.gov.in
पर शिकायत दर्ज करें
या
1930
CBC 19101/13/0014/2425
अधिक जानकारी के लिए CyberDost को पर फॉलो करें।

# शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों में लगातार पांचवें सत्र में गिरावट रही।

सेंसेक्स में करीब 809 अंक और निफ्टी में 235 अंक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि उथल-पुथल भरे कारोबारी सत्र में दैनिक उपभोग के सामान बनाने बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी), वाहन और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली के कारण बाजार में गिरावट आई। इसके अलावा तेल उत्पादक पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता पैदा होने से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने भी बाजार की धारणा को प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में लगातार पांचवें दिन गिरावट रही और यह 808.65 अंक यानी 0.98 प्रतिशत फिसलकर 81,688.45 पर बंद हुआ।


## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर

(छ०ग० भासन का एक उपक्रम) (कार्यालय न.सं.उ., छ.रा.वि.मं. की उत्तरदायी कंपनी)
सी.आई.एल. U40108CT2003SGC015822, पताः क्वा. नं. 5 एवं 6, पावर हाउस कालोनी, सी.एस.ई.बी. कैम्पस, गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.) वेबसाईट- www.cspc.gov.in, ईमेल-eecitynorth.raipur@cseb.gov.in टेलीफोन नं. 0771-2574753

### सूचना

विद्युत लाईनों / उपकरणों के रख-रखाव लाईन मरम्मत के आवश्यक कार्य हेतु निम्नांकित फीडरों / उपकेन्द्र के सम्मुख दर्शाये गये तिथि एवं समय में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी जिसके समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभव हैं। असुविधा के लिये खेद हैं।

| क्र. | दिनांक एवं दिन | समय | उपकेन्द्र का नाम | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 05.10.2024, शनिवार | सुबह 09:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक | 33/11 के.व्ही. गोंदवारा उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. विजय लक्ष्मी फीडर | न्यू गोंदवारा इंडस्ट्रीयल एरिया एवं अन्य संबंधित क्षेत्र |

**स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाइये ।**

उपभोक्तागण विद्युत शिकायत के लिये विद्युत शिकायत केन्द्र गुढ़ियारी-2593892, खमतराई-2576317, टाटीबंध-2574755, कबीर नगर-2574024, केन्द्रीय काल सेन्टर 1912 में संपर्क कर एवं मोर बिजली एप डाउन लोडकर बिजली संबंधित शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

जनहित में विद्युत आपूर्ति हेतु लगाये गये विद्युत लाईन के नीचे / बगल से भवन/रोड/तालाब का निर्माण करना अवैधानिक हैं। अतः विद्युत सुरक्षा नियमों का पालन करे।

कार्यपालन अभियंता
नगर संभाग उत्तर
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि., रायपुर

S-41683/2



## झारखण्ड सरकार
## क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल, अग्रिम योजना
## पथ निर्माण विभाग, दुमका

### अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0 :– RCD/FSD /AP/ DUM/18/2024-25 दिनांकः–01.10.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Detailed Project Report for construction of (A) Sarwan Road to Karnkol Airport on Jamuna Jore River, (B) Karwon to Koldih Bharkutta Road (Railway Over Bridge) under road division Deoghar in the State of Jharkhand. |
| 2. | अनुमानित लंबाई (मीटर) | 12 कि० मी० |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 60 दिन |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 07.10.2024, 05.00 बजे अपराह्न |
| 5. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 22.10.2024, 12.00 बजे अपराह्न तक |
| 6. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 23.10.2024, 01.00 बजे अपराह्न |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल अग्रिम योजना, पथ निर्माण विभाग, दुमका। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का संपर्क नं0 | 8292901787 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल को हेल्पलाईन नं0 | 0651–2401010 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :– http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियंता,
क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल, अग्रिम योजना,
पथ निर्माण विभाग, दुमका

PR 337950 Road (24-25)_D



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता
## लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर

Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com / sc.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

### -: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सड़क एवं भवन कार्य हेतु दिनॉक 21.10.2024 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई.टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 76 | 159396 | उपसंभाग केशकाल के अंतर्गत 01 नग मुख्य जिला मार्ग एवं 04 नग ग्रामीण मार्गों में डब्ल्यू. एम.एम एव बी. टी. पेंच मरम्मत कार्य। | 79.93 लाख |
| 2 | 77 | 159397 | उपसंभाग केशकाल के अंतर्गत 01 नंग मुख्य जिला मार्ग एवं 03 नग ग्रामीण मार्गों में डब्ल्यू. एम.एम एव बी. टी. पेंच मरम्मत कार्य। | 79.97 लाख |
| 3 | 78 | 159398 | अनुविभागीय अंतागढ़ के अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई-पोताई एवं पेंटिग कार्य। | 32.57 लाख |
| 4 | 79 | 159399 | अनुविभागीय अंतागढ़ के अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का सामान्य मरम्मत कार्य। | 27.98 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञिप्त, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है। ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य है। (स.क्र. 01 एवं 02 के लिए)

**डाउनलोड करने की अंतिम तिथि-21.10.2024 है।**
**नोटः- प्रथम आमंत्रण**

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग,
कांकेर मण्डल कांकेर

G-242502953/1



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गोड्डा

### ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं० – RCD/GODDA/1191/2024-25 दिनांक –01.10.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | गोड्डा अन्तर्गत ''रघुनाथपुर–सुगनीबाद–चतरा–मुर्गाबनी पथ एवं गोड्डा इंजीनियरिंग कॉलेज लिंक पथ (कुल लम्बाई– 9.610 कि0मी0) का चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य'' |
| 2. | प्राक्कलित राशि | रू0 52,80,95,953 /– (बावन करोड़ अस्सी लाख पंचानवें हजार नौ सौ तिरपन रूपये) मात्र |
| 3. | बीड जमानत की राशि | रू० 52.81 लाख |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 5. | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 08.10.2024 के अपराह्न 03:00 बजे से |
| 6. | प्री–बीड बैठक का दिनांक / समय | 14.10.2024 के पूर्वाह्न 11:30 बजे |
| 7. | ऑनलाईन निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि / समय | 22.10.2024 के दोपहर 12:00 बजे तक |
| 8. | निविदा खोलने की तिथि / समय | 23.10.2024 के अपराह्न 12:30 बजे |
| 9. | निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गोड्डा |
| 10. | निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी का मो0 नं0 | 8987675852 |
| 11. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन सं० / दूरभाष सं० | 0651-2446007 |

नोट :– 1. प्राक्कलित राशि, बीड जमानत की राशि एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि घट–बढ़ सकती है।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
3.विशेष जानकारी के लिये http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

PR 337984 (Road)24-25*D कार्यपालक अभियंता,पथ प्रमण्डल, गोड्डा


## बिजनेस साइट

# श्री स्वास्तिक ग्रुप के नए प्रोजेक्ट 'आस्था लैंडमार्क' की भव्य लांचिंग कल



**रायपुर।** श्री स्वास्तिक ग्रुप ने अपने नए प्रोजेक्ट 'आस्था लैंडमार्क' की भव्य लांचिंग रविवार को दलदलसिवनी में होगी। इस प्रोजेक्ट में व्यवसायिक परिसर और आवासीय प्लॉट की सीमित संख्या में उपलब्धता होगी। श्री स्वास्तिक ग्रुप के डायरेक्टर सुनील साहू ने बताया कि इस नई परियोजना में आधुनिक सुविधाओं और सुविधाजनक स्थान का मेल है। शहर के केंद्र दलदलसिवनी में स्थित इस प्रोजेक्ट में सीमित संख्या में दुकानें, ऑफिस और आवासीय प्लॉट उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही यह प्रोजेक्ट लक्जरी सुविधाओं से लैस है, जिनमें क्लब हाउस, जिम, स्वीमिंग पूल, मंदिर, इंडोर और आउटडोर गेम्स, चिल्ड्रन प्ले एरिया जैसी सुविधाएं शामिल हैं। प्रमुख मूलभूत सुविधाओं में आकर्षक प्रवेश द्वार, लैंडस्केप गार्डन, सड़के, बाउंड्रीवॉल, अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम, अंडरग्राउंड बिजली केबल, 24 घंटे सिक्युरिटी गार्ड और वाटर सप्लाई जैसी सुविधाएं शामिल है। यह प्रोजेक्ट संबंधित सरकारी विभागों से अनुमोदित है एवं रेरा में रजिस्ट्रर्ड है, साथ ही अनेक बैंकों से फाईनेंस सुविधा भी उपलब्ध है। इसके अलावा श्री स्वास्तिक ग्रुप इस नवरात्रि के अवसर पर अपने ग्राहकों के लिए एक शानदार ऑफर लेकर आया है। इस दौरान ग्राहकों को एक हुंडाई कार जीतने का अवसर मिलेगा और पांच लक्की ग्राहकों को क्लब एक्सओ में एक रात रुकने का सुनहरा मौका भी मिलेगा। इस ऑफर के तहत लकी ड्रा निकाला जाएगा और जो ग्राहक आस्था लैंडमार्क में बुकिंग करेंगे, उन्हें इस ऑफर का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा।

# नवरात्रि स्पेशलः उज्जवल ज्वेलर्स में आभूषणों पर आकर्षक छूट

**रायपुर।** इस नवरात्रि उज्जवल ज्वेलर्स अपने ग्राहकों के लिए एक शानदार ऑफर लेकर आया है। यहां हीरे के आभूषण की बनवाई पर 50% की छूट उपलब्ध है, साथ ही सोने के भाव में बाजार से 2000 रुपए की अतिरिक्त छूट भी मिल रही है। इस आकर्षक ऑफर के कारण शादी-ब्याह की खरीदारी के लिए हर दिन भारी भीड़ उमड़ रही है। उज्जवल ज्वेलर्स में ग्राहकों के पसंद के अनुसार डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी की एक विशाल रेंज उपलब्ध है। डायरेक्टर उज्जवल झाबक के अनुसार यहां डायमंड ब्राइडल ज्वेलरी कलेक्शन की शुरुआत 1 लाख रुपये से होती है। इसके अलावा, रजवाड़ा, एंटिक, पोलकी और टेम्पल ज्वेलरी की भी विस्तृत वैरायटी मौजूद है। ग्राहकों को अपनी सोने की जांच गोल्ड टेस्टिंग मशीन और हीरे की जांच डायमंड टेस्टिंग मशीन में करवाने की सुविधा भी दी जा रही है। इसके साथ ही उज्जवल ज्वेलर्स में बेचे गए जेवर पर आजीवन फ्री रिपेरिंग और पुराने जेवर पर शून्य कटौती का लाभ भी ग्राहकों को मिल रहा है।


## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कबीरधाम छ.ग.

क्रमांक / एनएचएम / संविदा नियुक्ति / 2024 6379
कबीरधाम, दिनॉक 30 SEP 2024

### "वॉक इन इन्टरव्यू सूचना"

जिला खनिज न्यास निधि अंतर्गत स्त्रीरोग विशेषज्ञ के 02 पदो पर संविदा नियुक्ति हेतु निर्धारित नियमानुसार वॉक इन इन्टरव्यू कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कबीरधाम में आयोजित किया जाना है। इच्छुक पात्र उम्मीदवारों को निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जावेगा।
साक्षात्कार दिनांक : प्रति सोमवार (शासकीय अवकाश के अतिरिक्त)
पंजीयन हेतु निर्धारित समय : सुबह 11:00 से 11:30 बजे तक

यह सूचना विज्ञापन एवं आवेदन प्रारूप कबीरधाम जिले के वेबसाईट www.kawardha.gov.in में भी उपलब्ध है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला कबीरधाम छ.ग.

S-41679/2



## कार्यालय नगर पालिका परिषद् मंदिर हसौद जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email :- npmandirhasaud@gmail.com

क्रमांक/ 626/न.पा./ लो.नि.वि./ 2024-25 मंदिर हसौद दिनांक 03.10.2024

### !! मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना !!

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी तथा जी. एस. टी. विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो हेतु मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है :-
**निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25.10.2024 ।**

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | निकाय में विभिन्न कार्यक्रय हेतु टेंट इत्यादि सामाग्री प्रदाय कार्य । | 8.00 |
| 2 | पेयजल शाखा के विभिन्न मोटर पम्प एवं स्टार्टर मरम्मत- संधारण कार्य । | 8.00 |
| 3 | निकाय क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 01 से 10 तक विभिन्न स्थानों में नाली, ढक्कन एवं पुल, पुलिया मरम्मत- संधारण कार्य । | 18.00 |
| 4 | निकाय क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 01 से 20 तक विभिन्न स्थानों में सी.सी. रोड, मरम्मत - संधारण कार्य । | 18.00 |
| 5 | निकाय क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक से 01 से 20 तक स्थित विभिन्न सार्वजनिक / सामुदायिक / शासकीय भवनों का मरम्मत- संधारण कार्य । | 18.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट http://uad.cg.gov.in से भी देखी जा सकती हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद

S-41674/1


# त्योहारी मांग से सोना 78,450 रु. के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** त्योहारों के मौसम में आभूषण विक्रेताओं और खुदरा ग्राहकों की मांग बढ़ने के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 150 रुपये की तेजी के साथ 78,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के ताजा सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया। बृहस्पतिवार को सोने का भाव 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत भी 1,035 रुपये की तेजी के साथ 94,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 93,165 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसके अलावा 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये बढ़कर 78,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। सराफा व्यापारियों ने कीमती धातुओं में तेजी का श्रेय मौजूदा 'नवरात्रि' त्योहार के कारण आभूषण विक्रेताओं और खुदरा ग्राहकों की बढ़ी हुई लिवाली को दिया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के वायदा कारोबार में दिसंबर डिलीवरी वाले सोने के अनुबंधों की कीमत 131 रुपये या 0.17 प्रतिशत बढ़कर 76,375 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जो अब तक के उच्चतम स्तर के करीब है।

*रिलायंस पावर बांड से 50 करोड़ डॉलर जुटाएगाः नई दिल्ली। रिलायंस पावर के निदेशक मंडल ने बांड जारी कर 50 करोड़ डॉलर (करीब 4,198 करोड़ रुपये) जुटाने की मंजूरी दे दी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि निदेशक मंडल ने सभी कर्मचारियों के लिए कर्मचारी शेयर विकल्प योजना की भी मंजूरी दी।*


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर (छ.ग.)

Office Phone No. 07782-222224, 223443 Email ID- eejag-phe-cg@nic.in

### "ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना" (द्वितीय आमंत्रण)

नि. क्र.- 10-18/ज.जी.मि. /नि प्र./का-अ./लो.स्वा-यॉ ख./2024 जगदलपुर,दि. 01.10.2024

जिला बस्तर के निम्न विकासखण्डों के ग्रामों में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत नलकूप खनन कार्य के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र "ए" में आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा कार्य में प्रमुख अभियंता लो.स्वा. यॉ. विभाग रायपुर छ.ग. के यु. एस. ओ. आर दिनांक 01.06.2020 निविदा जारी होने की तिथी तक समस्त संशोधनों सहित लागू होगा।

| निविदा सूचना क्रमांक | सिस्टम निविदा क्रमांक | विकासखण्ड / समूह क्रमांक | नल कूप खनन की संख्या | अनुमानित लागत (रू लाख में) | अमानत राशि (रू.में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 10/ 01-10-2024 | 155727 | दरभा / समुह क्र. - 01 | 25 | 28.25 | 21188/- |
| 11/ 01-10-2024 | 159428 | दरभा / समुह क्र. - 02 | 25 | 28.25 | 21188/- |
| 12/ 01-10-2024 | 159432 | दरभा / समुह क्र. - 04 | 25 | 28.25 | 21188/- |
| 13/ 01-10-2024 | 159436 | दरभा / समुह क्र. - 06 | 15 | 16.95 | 12713/- |
| 14/ 01-10-2024 | 159441 | तोकापाल / समुह क्र.- 01 | 25 | 28.25 | 21188/- |
| 15/ 01-10-2024 | 159445 | तोकापाल / समुह क्र.- 02 | 25 | 28.25 | 21188/- |
| 16/ 01-10-2024 | 159446 | लोहण्डीगुड़ा / समुह क्र. - 01 | 25 | 28.25 | 21188/- |
| 17/ 01-10-2024 | 159448 | लोहण्डीगुड़ा / समुह क्र. - 03 | 25 | 28.25 | 21188/- |
| 18/ 01-10-2024 | 159449 | लोहण्डीगुड़ा / समुह क्र. - 05 | 23 | 25.99 | 19493/- |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा दिनांक **15.10.2024** तक आमंत्रित की जाती है । निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https:\\eproc.cgstate.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है ।

कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य
यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर (छ.ग.)

G-242502957/3



## Chhattisgarh Rural Roads Development Agency
## VIKASH BHAVAN, CIVIL LINES, RAIPUR (C.G.)

### E-PROCUREMENT TENDER NOTICE

**NIT No. 980 /TC-T/CGRRDA/2024** **Dated 03/10/2024**

The Chief Engineer, CGRRDA on behalf of Governor of Chhattisgarh invites item wise bids in electronic tendering system Consultants for Survey, Study, Detail Investigation and Preparation of Detail Project Report for Rural Roads Under PMGSY, sanctioned for different districts of the state from the eligible contractors / Firms registered with unified registration system (e-registration) for the works mentioned below. Date of release of Invitation for Bids through e-procurement:

| S. No. | NIT No. | Name of Work | District | Rate invited |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 980 | DPR Consultant for Road Under CGRRDA in 08 Groups | All Districts in Chhattisgarh | Item Rate Tender |

Availability of Bid Documents and mode of submission: The bid document is available online and should be submitted online in https://eproc.cgstate.gov.in. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.

Detailed NIT and other details can be viewed on our website https://eproc.cgstate.gov.in from **07.10.2024** from **5:30** PM & onwards. In future any related corrigendum would be seen in the notice section of this website.

**Chief Engineer**
**Chhattisgarh Rural Road Development Agency**
**Civil Lines, Raipur (C.G.)**
**E-mail: pmgsyrc4@yahoo.co.in**

S-41662/1



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा

### अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/CHAIBASA/12/2024-25(MMGSY)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पश्चिमी सिंहभूम जिला के सदर प्रखण्ड अन्तर्गत टोन्टो पंचायत के ग्राम टोन्टो से अमीता जाने वाली रास्ता के गौतोपा में रोरो नदी पर पुलिया निर्माण। | 63156000.00 | 1264000.00 | 10000.00 | 24 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 07.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक 07.10.2024 से दिनांक 14.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –15.10.2024 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709623131 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा खोलने की तिथि से 5 दिनों के अन्दर निविदादाता द्वारा अपनी आपत्ति / दावा दर्ज कराये अन्यथा अवधि बीतने के पश्चात् कोई भी आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगा।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह०/– कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा

PR 337930 West Singhbhum (24-25)_D



असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि नं. 573034वीं देखकर खरीदें। ऑरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें
94060-21769



हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोनः 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# मैगुइरे के गोल से यूनाइटेड ने पोर्टो से 3-3 से ड्रॉ कराया मैच

एजेंसी ▶▶| पोर्टो

स्थानापन्न खिलाड़ी हैरी मैगुइरे के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में किए गए गोल की बदौलत मैनचेस्टर यूनाइटेड ने यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में पोर्टो के खिलाफ मैच 3-3 से ड्रा खेला। मैनचेस्टर यूनाइटेड एक समय 2-0 से आगे था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया।

उसे अंतिम 20 मिनट का खेल 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा क्योंकि ब्रूनो फर्नांडिस को लगातार दूसरे मैच में रेड कार्ड का सामना करना पड़ा। रविवार को प्रीमियर लीग में मैनचेस्टर यूनाइटेड की टोटेनहम से 3-0 की हार के दौरान भी फर्नांडिस को बाहर भेज दिया गया था।यूरोपा लीग के अन्य मैचों में टोटेनहम ने फेरेन्कवारोस को 2-1 से हराकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। एक अन्य मैच में लाजियो ने भी घरेलू मैदान पर नीस को 4-1 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।



## वियतनाम से मैत्री मैच खेलेगा भारत

**नई दिल्ली।** वियतनाम में त्रिकोणीय टूर्नामेंट रद्द होने के बाद भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम 12 अक्टूबर को वियतनाम के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना मैच खेलेगी। लेबनान ने देश में जारी संकट के कारण त्रिकोणीय टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया। टूर्नामेंट फीफा के अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो में सात से 15 अक्टूबर के बीच होना था। भारत को वियतनाम के खिलाफ नौ अक्टूबर को और लेबनान के खिलाफ 12 अक्टूबर को खेलना था।



## फीफा का इजरायल को निलंबित करने से इनकार

**ज्यूरिख।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने गुरुवार को यहां आयोजित अपनी शीर्ष परिषद की बैठक में इजरायली फुटबॉल महासंघ को निलंबित नहीं किया, लेकिन फलस्तीन के अधिकारियों द्वारा लगाए गए कथित भेदभाव के आरोपों की अनुशासनात्मक जांच के आदेश दिए। फीफा ने परिषद की बैठक के बाद कहा कि उसका एक सीनियर पैनल फलस्तीन के क्षेत्र में स्थित इजरायली फुटबॉल टीमों की इजरायली प्रतियोगिताओं में भागीदारी की जांच कर रहा है। फलस्तीन ने मई में फीफा की बैठक में इजरायल की सदस्यता निलंबित करने का आग्रह किया था जिसके चार महीने बाद विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था ने यह फैसला किया।

## खबर संक्षेप



### अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को दस विकेट से रौंदा

**दुबई।** दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के एकतरफा मैच में शुक्रवार को वेस्टइंडीज को दस विकेट से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 118 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए बाएं हाथ की स्पिनर नोंकुलुलेको एमलाबा ने कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 29 रन देकर चार विकेट लिए जबकि मरियाने काप ने 14 रन देकर दो विकेट चटकाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 13 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने 55 गेंद में 59 रन बनाए जबकि ताजमिन ब्रिट्ज ने 52 गेंद में 57 रन जोड़े।

### शरद बीसीसीआई एसीयू के नए प्रमुख

**नई दिल्ली।** चार साल तक आतंकवाद निरोधक संगठन एनआईए के प्रमुख रहे सेवानिवृत आईपीएस अधिकारी शरद कुमार को बीसीसीआई की भ्रष्टाचार निरोधक ईकाई (एसीयू) का नया प्रमुख बनाया गया है। उत्तर प्रदेश के बरेली के रहने वाले 68 वर्ष के कुमार को एक अक्टूबर को एसीयू प्रमुख बनाया गया जो तीन साल तक इस पद पर रहेंगे। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि 29 सितंबर को बीसीसीआई की सालाना आम बैठक में उनके नाम पर मुहर लगाई गई।



### फिरकी में फंसा शेष भारत मुंबई को 274 रन की बढ़त



**लखनऊ ।** अनुभवी स्पिनर शम्स मुलानी और तनुष कोटियान की शानदार गेंदबाजी के दम पर मुंबई ने शेष भारत के छह विकेट 23 रन के भीतर चटकाकर ईरानी कप मैच के चौथे दिन अहम बढ़त बना ली। मुंबई के पहली पारी के 537 रन के जवाब में शेष भारत ने एक समय चार विकेट पर 393 रन बना लिए थे। जुरेल और ईश्वरन ने पांचवें विकेट के लिए 165 रन जोड़े। शेष भारत की टीम पहली पारी में 416 रन पर आउट हो गई जिससे मुंबई को 121 रन की अहम बढ़त मिली। मुंबई ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 153 रन बना लिए हैं और उसकी कुल बढ़त 274 रन की हो गई है।

## क्रिकेट : भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टी20 कल

# पेसर मयंक-हर्षित ने बरपाया कहर पंड्या से नाखुश दिखे कोच मोर्कल

एजेंसी ▶▶| ग्वालियर

भारत और बांग्लादेश के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज की शुरुआत छह अक्टूबर से हो रही है। पहला मैच ग्वालियर में खेला जाएगा। इस मैच को लेकर टीम इंडिया जमकर मेहनत कर रही है। बीसीसीआई ने एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में भारत की पेस बैटरी प्रैक्टिस सेशन के दौरान नेट्स में अपनी पूरी क्षमता से गेंदबाजी करती दिख रही है। वहीं, नए बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल गेंदबाजों से बात करते दिख रहे हैं। मोर्कल के सामने बांग्लादेश सीरीज से पहले काफी चुनौतियां हैं।

प्रैक्टिस सेशन में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने भी गेंदबाजी का अभ्यास किया। हालांकि, मोर्कल हार्दिक के गेंदबाजी के प्रति रवैए से नाखुश दिखे और दोनों ने इसमें सुधार को लेकर लंबी चर्चा की। एक रिपोर्ट के मुताबिक, हार्दिक स्टंप्स के काफी करीब से गेंदबाजी कर रहे थे और मोर्कल इससे खुश नहीं थे। ग्वालियर में नेट्स सेशन के दौरान मोर्कल पांड्या के रन-अप पर काम कर रहे थे। मोर्कल को हार्दिक को उनकी बॉलिंग मार्क पर लौटते वक्त हर बार कान में कुछ बोलते हुए देखा गया। मोर्कल ने कथित तौर पर हार्दिक की रिलीज प्वाइंट पर भी काम किया है।



### पहली बार टीम में मयंक

हार्दिक की बॉलिंग को देखने के बाद मोर्कल ने अपना ध्यान बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और युवा हर्षित राणा और मयंक यादव पर केंद्रित कर दिया। मयंक का पहली बार भारतीय टीम में चयन हुआ है। इस पेसर के पास लगातार 150+ की स्पीड से गेंद फेंकने की क्षमता है। वहीं, हर्षित पिछले कुछ समय से भारतीय टी20 टीम का हिस्सा हैं।

### भारतीय टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, रियान पराग, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और मयंक यादव।

### खिलाड़ियों की लय पर कोच दिलीप का ध्यान



भारतीय टीम मैदान पर और मैदान के बाहर कई कड़े सत्र के बाद विश्व स्तरीय क्षेत्ररक्षण इकाई में तब्दील हुई है लेकिन शुक्रवार को यहां एमपीसीए स्टेडियम में टीम के क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप का ध्यान तीव्रता पर नहीं बल्कि लय और प्रवाह पर था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा अपलोड किए गए एक वीडियो में दिलीप को यह कहते हुए सुना जा सकता है, 'जहां आप गेंद फेंक रहे हैं, वहां अपने पैर लायें। यह इतना ही आसान है। मैं तीव्रता की बात नहीं कर रहा हूं बल्कि आज हमें लय और प्रवाह हासिल करना है। और एक बार जब हम इससे हासिल कर लेंगे तो हम आगे बढ़ेंगे और 15 कैच लेंगे।'बीसीसीआई ने ट्वीट किया, 'ग्वालियर में लय और पूरे जोश के साथ तैयारी। टीम इंडिया ने भारत बनाम बांगलादेश T20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मैच से पहले अपना क्षेत्ररक्षण कौशल निखारा।'

### युवाओं के लिए सुनहरा मौका

भारत ने टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश को 2-0 से क्लीनस्वीप किया था और अब उनका पूरा ध्यान रविवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज पर है। हर्षित राणा और मयंक यादव जैसे युवा सितारे इस सीरीज में आईपीएल के अपने प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे क्योंकि बीसीसीआई चयन समिति का उन पर भरोसा है। अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, रियान पराग और नीतीश कुमार रेड्डी भी मौके को भुनाना चाहेंगे, जबकि यह सीरीज मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के लिए दूसरे मौके के रूप में भी काम करेगी जो लंबे समय से भारत के टी20 सेटअप से गायब रहे हैं।

## महिला टी20 विश्व

# भारत की निराशाजनक शुरुआत न्यूजीलैंड से 58 रन से मिली हार



एजेंसी ▶▶| दुबई

अनुभवी कप्तान सोफी डिवाइन (नाबाद 57 रन) के अर्धशतक और उनकी शानदार रणनीति की बदौलत न्यूजीलैंड महिला टीम ने शुक्रवार को यहां महिला टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में भारत को 58 रन से हरा दिया। न्यूजीलैंड ने टी20 में भारत के खिलाफ अपनी सबसे बड़ी जीत भी दर्ज कर अपने पिछले 10 मैच के हार के सिलसिले को भी समाप्त किया। भारतीय टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा जो चुनौती पेश किये बिना 19 ओवर में 102 रन पर सिमट गई।

न्यूजीलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद मुश्किल पिच पर डिवाइन के अर्धशतक से चार विकेट पर 160 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम ने पहले छह ओवर में शेफाली वर्मा (2), स्मृति मंधाना (12) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (15) के विकेट 43 रन पर खो दिए। न्यूजीलैंड की स्पिनर लिया ताहुहू ने फिर कहर बरपाया। उन्होंने अपने चार ओवर में 15 ओवर देकर तीन विकेट झटक लिए। उन्होंने जेमिमा रोड्रिग्स (13 रन) और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष (12 रन) को पवेलियन पहुंचाया। इस तरह 11वें ओवर तक 70 रन के स्कोर पर आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी। फिर बाकी पांच विकेट 32 रन के अंदर गिर गए।

# हॉकी इंडिया लीग की सात साल बाद वापसी

## 28 दिसंबर से आयोजन, 13 से 15 अक्टूबर तक होगी नीलामी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग की सात साल बाद 28 दिसंबर से नए स्वरुप में वापसी होगी जिसमें पुरुष और महिला दोनों टीमें भाग लेंगी। पुरुषों की प्रतियोगिता में आठ जबकि महिलाओं की प्रतियोगिता में छह टीमें भाग लेंगी। महिलाओं की स्पर्धा पहली बार आयोजित की जा रही है। लीग का आयोजन 28 दिसंबर से एक फरवरी तक दो स्थानों राउरकेला और रांची में किया जाएगा। पुरुषों की प्रतियोगिता राउरकेला जबकि महिलाओं की प्रतियोगिता रांची में खेली जाएगी। लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी यहां 13 से 15 अक्टूबर तक होगी। इसके लिए कुल 10 फ्रेंचाइजी मालिक एकत्र होंगे। खिलाड़ियों की नीलामी तीन श्रेणियों दो लाख रुपए, पांच लाख रुपए और 10 लाख रुपए में की जाएगी।



### टीम में होंगे 24 खिलाड़ी

हर टीम में 24 खिलाड़ी होंगे जिसमें कम से कम 16 भारतीय खिलाड़ी होंगे। इनमें चार जूनियर खिलाड़ी और आठ अंतरराष्ट्रीय सितारे होना अनिवार्य है। महिला लीग का फाइनल अगले साल 26 जनवरी को रांची में होगा जबकि पुरुष टीम का फाइनल एक फरवरी को राउरकेला में खेला जाएगा।

### फ्रेंचाइजी मालिक

पुरुष वर्ग में फ्रेंचाइजी मालिक चेन्नई (चार्ल्स ग्रुप), लखनऊ (याडु ग्रुप), पंजाब (जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स), पश्चिम बंगाल (श्राची स्पोटर्स), दिल्ली (महेश भूपति की एसजी स्पोटर्स एंड इंटरटेनमेंट), ओडिशा (वेदांता लिमिटेड), हैदराबाद (रिसोल्यूट स्पोटर्स) और रांची (नवोयम स्पोटर्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड) हैं। महिला वर्ग में टीम मालिक हरियाणा (जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स), पश्चिम बंगाल (श्राची स्पोटर्स), दिल्ली (महेश भूपति की एसजी स्पोटर्स एंड इंटरटेनमेंट) और रांची (नवोयम स्पोटर्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड) हैं। महिला लीग की बाकी दो टीमों का ऐलान बाद में किया जाएगा।

### लीग को शुरू करने का सच हुआ सपना

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और लीग के चेयरमैन दिलीप टिर्की ने कहा कि महासंघ का अध्यक्ष बनने के बाद से उनका सपना लीग को फिर से शुरू करने का था। उन्होंने कहा, 'प्रीमियर हॉकी लीग ने दुनिया में लीग का चलन शुरू किया। पद पर काबिज होने के बाद से हमारा सपना लीग को फिर शुरू करने का था। आज हमारा सपना पूरा हुआ। हॉकी इंडिया लीग से राष्ट्रीय टीमों के लिए खिलाड़ी निकलेंगे। यह हॉकी में नया इतिहास रचेगी। विश्व हॉकी के लिए भी यह अहम है। हम अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के शुक्रगुजार है कि हमें 35 दिन का विंडो मिला।'

## जूनियर निशानेबाजी

# भारत ने विश्व चैंपियनशिप में जीता 11वां स्वर्ण पदक



एजेंसी ▶▶| लीमा

मुकेश नेलवल्ली, राजवर्धन पाटिल और हरसिमर सिंह रत्था की भारतीय टीम ने आईएसएसएफ विश्व जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल की टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

भारत का यह इस प्रतियोगिता में 11वां स्वर्ण पदक है। वह कुल 16 पदक लेकर पदक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। भारत ने एक रजत और चार कांस्य पदक जीते हैं। चीन तीन स्वर्ण और एक रजत पदक लेकर दूसरे स्थान पर है। मुकेश का यह प्रतियोगिता में चौथा स्वर्ण पदक है। उन्होंने 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक भी जीता था। मुकेश और राजवर्धन दोनों ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल के व्यक्तिगत फाइनल में भी जगह बनाई लेकिन वहां वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। राजवर्धन फाइनल में चौथे जबकि मुकेश पांचवें स्थान पर रहे।

पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में परीक्षित सिंह बराड़ ने 623.0 का स्कोर बनाकर भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। शिवेंद्र बहादुर सिंह 618.4 के स्कोर के साथ 14वें जबकि वेदांत नितिन वाघमारे 613.2 के स्कोर के साथ 24वें स्थान पर रहे।

## विश्व टेनिस लीग में हिस्सा लेंगे नागल



**अबू धाबी।** भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल आगामी विश्व टेनिस लीग में हिस्सा लेंगे, जिसमें दुनिया के नंबर पांच खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव, नंबर छह आंद्रे रुबलेव और अमेरिकी ओपन महिला चैम्पियन एरिना सबालेंका जैसे कई वैश्विक सितारे खेलते नजर आएंगे। इसकी घोषणा आयोजकों ने शुक्रवार को की। यह लीग 19 से 22 दिसंबर तक प्रतिष्ठित एतिहाद एरिना में आयोजित होगी। पुरुषों की विश्व रैंकिंग में 83वें स्थान पर काबिज नागल हालांकि लीग में किस टीम के लिए खेलेंगे, यह अभी तय नहीं है।

## अंतरिम स्थानांतरण नियमों पर सहमति

**ज्यूरिख।** अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ ने गुरुवार को पेशेवर खिलाड़ियों को टीम बदलने और अगले वर्ष जून-जुलाई में अमेरिका में होने वाले क्लब विश्व कप में भाग लेने में मदद करने के उद्देश्य से अंतरिम स्थानांतरण नियमों पर सहमति जताई।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**टैम्पिंग यूनिटों का ओवरहॉलिंग हेतु निविदा सूचना**

एस.ई.सी.आर–एच.क्यू.इंजी–टी.एम.–डब्ल्युएम 24–05 दिनांक: 01.10.2024. **कार्य :** सी.एस.एम./डयो. यूनी–4एस और यूनी–3एस प्रकार की मशीनों के टैम्पिंग यूनिटों का ओवरहॉलिंग। **निविदा मूल्य :** ₹ 3,23,51,253.22/–, **निविदा बंद होने की तिथि व समय:** 22.10.2024 के 15:00 बजे। निविदा सूचना और निविदा दस्तावेजों के लिये पूरा विवरण देखने के लिये निविदाकर्ता वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉगइन कर सकते हैं। मैन्युअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

एएक्सईएन/टीएम/एचक्यू
सीपीआर/10/PR/272 द.पू.म. रेलवे/बिलासपसुर
South East Central Railway @secrall

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना क्र.: डिप्टी सीएसटीई जीएसयू बीएसपी-14-2024 दिनांक 30.09.2024**

**कार्य :** मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति इकाई, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्वीकृत कार्यों के संबंध में विभिन्न निर्माण स्थलों / अनुभागों पर परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएं प्रदान करने के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (PSSA) की नियुक्ति के लिए RFP

**निविदा मूल्य:** 5,22,06,637.06 /- (पांच करोड़ बाईस लाख छह हजार छह सौ सैंतीस रुपये और छह पैसे मात्र). **अमानत राशि:** 4,11,000.00 (चार लाख ग्यारह हजार मात्र।)

**निविदा बंद करने का समय:** 15:00 बजे तक। 04.11.2024 को।

अधिक जानकारी / निविदा दस्तावेज की खरीद पात्रता मानदंड और **'ई-निविदा'** दस्तावेज के लिए पूर्ण विवरण के लिए, कृपया वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर संपर्क करें। बिलासपुर संभाग के गति शक्ति विभाग द्वारा निविदा निकाली गई है।

उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर (गति शक्ति इकाई)
सीपीआर/10/AM/275 द.पू.म.रे., बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**मोतीबाग कार्यशाला में विभिन्न कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, एमआईबी-डब्ल्यू, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा सूचना सं:** MIBW-2024-19-06-02-01 दिनांक: 27.09.2024
**कार्य का विवरण:** मोतीबाग, वर्कशॉप, नागपुर में FIVE-S 'कार्यस्थल प्रबंधन प्रणाली' के प्रमाणन के लिए 03 (तीन) वर्षों के लिए अधिकृत एजेंसी को नियुक्त करना।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 39,905/- (रु. उनचालीस हजार नौ सौ पांच मात्र), 18% जीएसटी सहित,
**बयाना राशि:** ₹ 800/- (रु. आठ सौ मात्र)
**अनुबंध की अवधि:** 36 (छत्तीस) महीने,
**निविदा प्रपत्र मूल्य:** ₹ 0 (शून्य)।

**2. निविदा सूचना सं.:** MIBW-2023-19-06-09-11R दिनांक: 28.09.2024
**कार्य का विवरण:** मोतीबाग वर्कशॉप नागपुर में कार्य के दायरे के अनुसार ICF SG AC कोचों की इलेक्ट्रिकल POH गतिविधियाँ।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 2,93,36,206/- (रु. दो करोड़ तिरानबे लाख छत्तीस हजार दो सौ छह मात्र), 18% जीएसटी सहित,
**बयाना राशि:** ₹ 2,96,700/- (रु. दो लाख छियानवे हजार सात सौ मात्र)
**अनुबंध की अवधि:** 12 (बारह) महीने,
**निविदा प्रपत्र मूल्य:** ₹ 0 (शून्य)।

**3. निविदा सूचना सं.:** MIBW-2024-19-06-03-2R1 दिनांक: 30.09.2024
**कार्य का विवरण:** मोतीबाग वर्कशॉप, एसईसीआर, नागपुर में व्हील शॉप के सीटीआरबी अनुभाग में सुविधाओं में सुधार।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 26,95,808/- (रु. छब्बीस लाख पंचानवे हजार आठ सौ आठ मात्र), 18% जीएसटी सहित,
**बयाना राशि:** ₹ 53,900/- (रु. तिरपन हजार नौ सौ मात्र)
**अनुबंध की अवधि:** 12 (बारह) महीने,
**निविदा प्रपत्र मूल्य:** ₹ 0 (शून्य)।

**निविदा जमा करना:** बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां केवल **11:00** बजे तक ही निम्नानुसार प्रस्तुत कर सकेंगे:
**निविदा अनुक्रमांक 1: 19.10.2024**
**निविदा अनुक्रमांक 2: 21.10.2024**
**निविदा अनुक्रमांक 3: 22.10.2024**
इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। प्राप्त सभी मैनुअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा। विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**कार्यशाला प्रबंधक, मोतीबाग कार्यशाला,**
AIM/30-123 **दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI
UTAI BRANCH:- Patan Pool, Prerna Complex, Sadbhavana Chowk, Patan Rd, Utai, C.G.- 491107

**Auction Notice** to the Gold Loan Borrower (Should be translated in vernacular language)
**Ref. No. Ref. No. UT/23-24/02** **Date: 08-05-2024**
To: Shri Jasim Bux S/o./W/o. Karim Bux,
**Address:-** H. No.-40, Akash Kunj, Risali, Bhilai west, Durg C.G 4900009 (Borrower)
Sir Madam,
**Sub: Auction of gold jewellery/ornaments/coins of your Gold Loan Account**

We refer to our letter No. UT/23-24/01 dated 16.10.2023 putting you on notice to repay the dues of Rs. 1,26,969 (Rupees one lakh twenty six thousand nine hundred sixty nine) in your gold loan account within 15 days of receipt of our letter.
We have not yet received the repayment in your account within the stipulated time. We do hereby call upon you to pay a sum of Rs. 1,26,969 together with interest @ 9.35 p.a. as per the terms and conditions of the loan documents executed by you and discharge your liabilities in full within 15 days from the date of receipt of this notice failing which we shall be constrained to auction the gold jewellery/ornaments/coins pledged to the Bank to realize our dues.
Please note that if you fail to remit the dues within 15 days and the Bank auctions the pledged gold jewellery/ornaments/coins and if the dues are not fully satisfied with the sale proceeds of the gold jewellery/ornaments/coins, we shall be constrained to take appropriate legal action against you in the court of law for recovery of balance amount from you.

Yours faithfully
Branch Manager

**कार्यालय नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

क्रमांक /725/ तक./ न.पा.परि./ 2024-25 दन्तेवाड़ा, दिनांक: 01/10/2024

**-: निविदा संशोधन सूचना :-**

कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा पत्र क्रमांक/632/ तक/ न.पा.परि./ 2024-25 दन्तेवाड़ा दिनांक 17.09.2024 के द्वारा निविदा आमंत्रित किया गया था, जिसमें अपरिहार्य कारणों से आंशिक संशोधन करते हुए, निविदा प्रपत्र प्रदाय करने एवं शुल्क, निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने हेतु निर्धारित तिथि में संशोधन करते हुए नवीन तिथि एवं समय निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है।

| क्र. | विषय | पूर्व में निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय | नवीन तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा शुल्क जमा करने एवं निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि | दिनांक 30.09.2024 शाम समय 5.30 बजे | दिनांक 08.10.2024 शाम समय 5.30 बजे |
| 2 | निविदा प्रपत्र जमा करने एवं निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 08.10.2024 शाम समय 4.00 बजे | दिनांक 11.10.2024 शाम समय 4.00 बजे |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)




# ये है विश्व की सबसे छोटी हवाई यात्रा, मात्र 80 सेकंड में सफर होगा खत्म

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

यात्रा के लिए हवाई जहाज आधुनिक विज्ञान की एक तकनीक है जिसने पूरी मानव सभ्यता के इतिहास को विकास के सबसे उच्चतम शिखर पर पहुंचा दिया है। हवाई यात्रा की मदद से लंबी दूरी को भी बहुत कम समय में तय किया जा सकता है। हवाई यात्रा की खास बात यह है कि इसके इस्तेमाल के लिए आपको किसी रास्ते या पुल की जरूरत नहीं होती है। यही कारण है कि हवाई यात्रा की मदद से उन द्वीपों की भी आसानी से यात्रा की जा सकती है जो चारों तरफ से पानी से घिरे हैं। खैर, क्या आपने कभी सोचा है कि दुनिया की सबसे छोटी हवाई यात्रा कितनी दूरी की होगी? दरअसल, विश्व की सबसे छोटी हवाई यात्रा महज 2.7 किलोमीटर की है, जिसे तय करने में मात्र 80 सेकंड यानी डेढ़ मिनट लगते हैं। इस कीर्तिमान को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज किया गया है।

### स्कॉटलैंड में है दुनिया की सबसे छोटी हवाई यात्रा

यह अनोखी हवाई यात्रा स्कॉटलैंड के ऑर्कनी द्वीपसमूह के दो द्वीपों वेस्ट्रे और पापा वेस्ट्रे के बीच संचालित होती है। इन दोनों द्वीपों के बीच की दूरी महज 2.7 किलोमीटर है, जिसे एक छोटा सा विमान महज 80 सेकंड में तय कर लेता है।



### गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड

विमान को टेकऑफ से लेकर लैंडिंग तक में 80 सेकंड का समय लगता है। इस उड़ान को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दुनिया की सबसे छोटी कमर्शियल उड़ान का दर्जा दिया गया है।

### क्यों है इतनी छोटी उड़ान?

आप सोच रहे होंगे कि आखिर क्यों इन दोनों द्वीपों के बीच इतनी छोटी दूरी के लिए हवाई यात्रा की आवश्यकता पड़ती है? इसका कारण यह है कि इन दोनों द्वीपों के बीच कोई पुल या अन्य कोई साधन नहीं है, जिसके जरिए लोग एक द्वीप से दूसरे द्वीप पर जा सकें। इसलिए, यहां के निवासियों के लिए हवाई यात्रा ही एकमात्र विकल्प है।

### एक उड़ान में सिर्फ 9 यात्री करते हैं सफर

इस उड़ान के लिए एक छोटा सा विमान इस्तेमाल किया जाता है, जिसमें एक बार में 9 से 10 यात्री ही सफर कर सकते हैं। यह विमान एकल रनवे से उड़ान भरता है और कुछ ही सेकंड में अपनी मंजिल पर पहुंच जाता है। यह उड़ान दिन में कई बार संचालित की जाती है, जिससे वहां के निवासियों को बहुत लाभ मिलता है।

# भारत नहीं, बल्कि ईरान से जुड़ा है समोसे का इतिहास, दिलचस्प है इस पकवान की कहानी

*नई दिल्ली। भारत में हर गली-नुक्कड़ पर बिकने वाला समोसा सिर्फ एक स्वादिष्ट व्यंजन नहीं है, बल्कि एक समृद्ध इतिहास और दिलचस्प विकास का प्रतीक है। समोसा न सिर्फ भारत में, बल्कि दुनिया के कई देशों का लोकप्रिय व्यंजन है। यह तिकोने आकार का स्नैक आज हमारी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह भारत में कैसे आया और इसका आकार तिकोना क्यों है? आइए, इस स्वादिष्ट पकवान की रोचक कहानी जानते हैं।*

### मध्य पूर्व से भारत का सफर

लिखित इतिहास में समोसे का जिक्र कई सौ साल पहले से मिलता है। बताया जाता है कि सबसे पहले समोसे का जिक्र ईरान के इतिहासकार अबुल फाजी बेहकी (995-1077 ई.) ने किया था। उन्होंने समोसे का वर्णन 'समबुश्क' और 'समबुस्ज' नाम से किया। अब सवाल ये है कि ये लजीज नाश्ता भारत तक कैसे पहुंचा? 14वीं सदी में कुछ व्यापारी दक्षिण एशिया आए थे, और अपने साथ कई चीजें साथ में लाए, जिनमें एक था मध्य पूर्व का मशहूर 'समबुस्ज'। भारत में इसका रूपांतरण 'समोसा' में हुआ। पश्चिम बंगाल और बिहार में तो इसे सिंघाड़े आकार से मिलता-जुलता दिखने के कारण 'सिंघाड़ा' भी कहा जाता है ।



### अरब यात्री इब्न बतूता ने भारत में चखा समोसा

14वीं शताब्दी में अरब यात्री इब्न बतूता भारत आए और उन्होंने मोहम्मद बिन तुगलक के दरबार में पहली बार समोसे का स्वाद चखा। इब्न बतूता ने इस व्यंजन का जिक्र अपने लेखन में 'समबुश्क' नाम से किया है। उन्होंने लिखा कि कैसे कीमा के साथ पिस्ता, अखरोट और बादाम वाला समोसा उन्हें परोसा गया था। प्रसिद्ध सूफी संत अमीर खुसरो ने भी अपनी रचनाओं में समोसे को लेकर दिल्ली के सुल्तान के प्यार का जिक्र किया है।

### तिकोने आकार का रहस्य

समोसे के तिकोने आकार के पीछे किसी खास वजह का जिक्र तो नहीं मिलता है, लेकिन मुमकिन है कि यह मध्य पूर्वी देश खासतौर से ईरान की संस्कृति से प्रभावित हो। 11वीं सदी के इतिहासकार अबुल-फजल बेहाकी ने अपनी रचनाओं में पहली बार समोसे का जिक्र किया था, जिसमें मावा और कीमा भरकर बनाया जाता था। भारत आने के बाद, इसमें स्थानीय मसालों और सब्जियों को मिलाकर इसका स्वाद भारतीय बना दिया गया। समय के साथ, समोसे में आलू को भरना आम हो गया और यह भारतीयों का पसंदीदा व्यंजन बन गया।

### समोसे का भारत में लोकप्रिय होना

समोसा भारत में इतना लोकप्रिय क्यों हुआ, इसके कई कारण हैं। सबसे पहले, यह बनाने में आसान और सस्ता होता है। दूसरा, यह हर मौसम में खाया जा सकता है।

# 30 हजार रेल कर्मचारियों के खाते में आएगी 54 करोड़ बोनस की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

दीपावली और दशहरा से पहले केन्द्र सरकार ने रेलवे के नॉन गैजेट कर्मचारियों को बोनस की सौगात दी है, जिसमें कर्मचारियों को 78 दिनों का प्रोडक्टिविटी बोनस यानि 17 हजार 951 रुपए दिए जाने की घोषणा हुई है। केन्द्र की घोषणा के बाद बिलासपुर जोन के करीब 30 हजार कर्मचारियों के खाते में 54 करोड़ रुपए से अधिक राशि जमा हो जाएगी। इसमें केवल ग्रुप डी और ग्रुप सी के कर्मचारी शामिल होंगे। इन कर्मचारियों के अलावा अन्य को बोनस का लाभ नहीं मिलेगा।

**केन्द्र सरकार ने की घोषणा बोनस की राशि में शामिल होंगे केवल ग्रुप डी और सी कर्मचारी**

पिछले वित्तीय वर्ष में सेन्ट्रल ने रेल कर्मचारियों को 7 हजार रुपए सिलिंग के अनुसार 17 हजार 951 रुपए बोनस दिया था। इस वर्ष रेल कर्मचारियों के बोनस में वृद्धि की संभावना जताई जा रही थी, ताकि दूसरे विभाग की तरह उनका भी दशहरा व दीपावली पर्व अच्छी तरह से मनाया जा सके। गुरुवार की रात रेल कर्मचारियों के उम्मीदों पर पानी फिर गया।

### बिलासपुर में हैं 15 हजार कर्मचारी

रेलवे के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में ग्रुप सी व ग्रुप डी मिलाकर करीब 30 हजार से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। इन कर्मचारियों को 7 हजार रुपए सिलिंग के अनुसार 78 दिन के 17951 रुपए मिलाकर 53 करोड़ 85 लाख 30 हजार रुपए बोनस दिए जाएंगे। वहीं बिलासपुर डिवीजन में 15 हजार कर्मचारियों में बोनस के 26 करोड़ 92 लाख 65 हजार रुपए एक दो दिन के अंतराल में खाते में जमा कर दिए जाएंगे।













### प्राचीन ऊनी गैंडे का शव मिला, 32000 साल पहले मरे जानवर को देख वैज्ञानिक हैरान



**मॉस्को।** वैज्ञानिकों ने साइबेरिया की बर्फ में एक बड़ी खोज की है। यहां की बर्फ में एक युवा वुली गैंडे का जमा हुआ शरीर मिला है। यह शव पूरी तरह से ममीकृत है, जिसे हजारों साल पहले शिकारियों ने खाया था। ऊनी गैंडे का दाहिना भाग अच्छी तरह से संरक्षित है, जिसमें त्वचा और फर के धब्बे हैं जो हजारों साल से उसी तरह बरकरार हैं, जैसे वह शुरुआत में थे। लेकिन, इसका बायां हिस्सा दिखाता है कि इसके ऊपर हमला हुआ था। यह जख्म मरने से कुछ समय पहले या बाद के घंटों के हैं। रूसी विज्ञान अकादमी और सखा गणराज्य के विज्ञान अकादमी के शोधकर्ताओं ने शव से जुड़ी स्टडी लिखी जो डोकलाडी अर्थ साइंसेज जर्नल में 1 जुलाई को छपी है। उन्होंने इसमें लिखा, 'जांघ के ऊपरी भाग से लेकर कंधे तक शव गंभीर रूप से नष्ट हो गया है। शरीर के आंतरिक हिस्से दिखने लगे हैं। ज्यादातर आंतें गायब हैं।'

शोधकर्ताओं ने आगे लिखा, 'फर में लगे छोटे क्रस्टेशियंस के अवशेष यह संकेत देते हैं कि ऊनी गैंडे (कोएलोडोंटा एंटिकिटेटिस) की मौत उथले पानी में हुई थी।' रेडियोकार्बन डेटिंग से पता चलता है कि वुली गैंडा 32000 साल पहले मर गया और फिर जम गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com